Ranchi ● Tuesday, 24 June 2025 ● Year : 03 ● Issue : 159 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : ₹3 ● www.thephotonnews.com
E-Paper : epaper.thephotonnews.com

Daily
THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
द फोटोन न्यूज
Published from Ranchi

नामकुम स्थित स्वर्णरेखा नदी

बारिश नहीं आफत

झारखंड में मानसून पूरी तरह हावी, रांची सहित कई जिलों में हुई जोरदार बारिश

PHOTON NEWS RANCHI :

- साइक्लोन और निम्न दबाव की सक्रियता के कारण उत्पन्न हुई स्थिति
- सड़कों पर भारी जल-जमाव और घरों में पानी घुसने से लोगों की बढ़ गई परेशानी

मौसम विभाग की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, झारखंड में साइक्लोन और निम्न दबाव क्षेत्र की सक्रियता के कारण मानसून पूरी तरह हावी है। राजधानी रांची सहित प्रदेश के कई जिलों में दोपहर बाद मौसम बदला। हवा के साथ तेज बारिश शुरू हो गई। इस बारिश की वजह से मोहल्ले के साथ-साथ घरों में पानी घुस गया। राजधानी में लगभग 1:15 से 2 बजे तक बारिश हुई। इस दौरान सड़कों पर जल-जमाव के कारण एंबुलेंस और स्कूली बसें भी फंस गईं। जोरदार बारिश के बाद तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। 24 और 25 जून को भी मौसम विभाग ने रांची सहित अन्य जिलों में भारी बारिश की संभावना व्यक्त की है। जगह-जगह वज्रपात की भी आशंका जताई गई है। मौसम विभाग के अनुसार, झारखंड में दक्षिण-पश्चिमी मानसून पूरी तरह सक्रिय है। पिछले कुछ दिनों से राज्य के अधिकांश हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश हो रही है।

अभी तक सामान्य से 257 प्रतिशत अधिक बारिश, 26 जून को होगी सबसे ज्यादा वर्षा

सोमवार तक रांची में लगभग 500 मिलीमीटर बारिश हो चुकी है। यह सामान्य से 257 प्रतिशत अधिक है। रविवार को पूरे राज्य में मानसून की सक्रियता कुछ हद तक कमजोर रही। हालांकि दुमका में सर्वाधिक 37.2 मिमी वर्षा दर्ज की गई। सोमवार को इसने ज्यादा जोर पकड़ा। पाकुड़ में सबसे ज्यादा 36.9 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान रिकॉर्ड किया गया, जबकि रांची के नामकुम में न्यूनतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग का कहना है कि अगले दो दिनों तक अधिकतम तापमान में खास बदलाव नहीं होगा। लेकिन, उसके बाद अगले तीन दिनों में तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट आ सकती है। लगातार हो रही बारिश के चलते मौसम सुहावना बना रहेगा, लेकिन, लोगों को वज्रपात और जलजमाव जैसी स्थितियों को लेकर सतर्क रहने की जरूरत है। मौसम विभाग ने 24 से 25 जून तक दक्षिणी और उत्तर-पश्चिमी झारखंड में और 26 जून को राज्यभर में भारी बारिश की संभावना जताई है। आईएमडी के अनुसार, 24 और 25 जून को दक्षिणी झारखंड (पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा, सरायकेला-खरसावां) और उत्तर-पश्चिमी जिलों (पलामू, गढ़वा, चतरा, कोडरमा, लातेहार, लोहरदगा) में भारी बारिश होगी।

SHARE

सेंसेक्स	:	81,896.79
निफ्टी	:	24,971.90

SARAFA

सोना	:	8,575
चांदी	:	120.00

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

BRIEF NEWS

बीजापुर में विस्फोटक के साथ 5 नक्सली गिरफ्तार

BIJAPUR : जिले में नक्सलियों के द्वारा बीते एक सप्ताह में एक नाबालिग छात्र सहित पांच ग्रामीण युवकों की हत्या की वारदात को अंजाम देने के बाद जिले में सघन नक्सल विरोधी अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत तीन थाना क्षेत्रों- मद्देड़, गंगालूर और जांगला में की गई कार्रवाई में पांच नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया है। इन नक्सलियों के कब्जे से विस्फोटक सामग्री सहित अन्य सामान बरामद किए गए हैं।

मणिपुर में चार उग्रवादी धराए, विस्फोटक बरामद

IMPHAL : मणिपुर में उग्रवाद पर लगाम कसने के लिए सुरक्षा बल बड़े पैमाने पर अभियान चला रहे हैं। इस दौरान भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक बरामद हुए हैं, बल्कि प्रतिबंधित उग्रवादी संगठनों से जुड़े कई लोगों की गिरफ्तारी भी हुई है। सोमवार को भी 4 उग्रवादी धराए हैं।

ईरान बोला- न्यूक्लियर प्रोग्राम नहीं रोकेंगे, ट्रंप ने जंग शुरू की, खत्म हम करेंगे

अमेरिका के बाद अब इजरायल ने ईरानी एटमी सेंटर पर किया अटैक

जंग का 11वां दिन

NEW DELHI @ PTI :

- ईरानी सेना को अमेरिकी ठिकानों पर हमला करने की मिल गई खुली छूट
- इजरायली सेना ने ईरान के छह एयरपोर्ट- मशहद, तेहरान, हमादान, देजफुल, शाहिद बख्तरी और तबरीज पर भी किए ड्रोन हमले
- ईरान के 15 फाइटर जेट और हेलीकॉप्टर नष्ट करने का किया दावा
- तेहरान में ईरानी सेना की यूनिट आईआरजीसी से जुड़े ठिकानों पर भी हमले
- इजरायल ने सैकड़ों ईरानी सैनिकों के मारे जाने का भी किया दावा

जवाबी कार्रवाई में ईरान ने इजरायल पर की मिसाइलों और ड्रोनों की बौछार



आईआरजीसी से जुड़े ठिकानों पर किए हमले

इजरायली सेना ने सोमवार सुबह ईरान के छह एयरपोर्ट- मशहद, तेहरान, हमादान, देजफुल, शाहिद बख्तरी और तबरीज पर भी ड्रोन हमले लिए। इनमें ईरान के 15 फाइटर जेट और हेलिकॉप्टर नष्ट करने का दावा किया गया है। इजरायल ने सोमवार को दोपहर में ईरान की राजधानी तेहरान में ईरानी सेना की यूनिट इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) से जुड़े ठिकानों पर हमले किए। इसमें सैकड़ों सैनिकों के मारे जाने का दावा है। इजराइली सेना ने बताया कि उसने तेहरान में एविन जेल, इजराइल डिस्ट्रक्शन घड़ी, आईआरजीसी के बासिज फोर्स का हेडक्वार्टर और इंटरनल सिक्योरिटी हेडक्वार्टर को टारगेट किया था।

अमेरिका पर हो सकता है आतंकी हमला

अमेरिकी गृह सुरक्षा विभाग (डीएचएस) ने नागरिकों के लिए नई सुरक्षा चेतावनी जारी की है, जिसमें अमेरिका के भीतर बढ़े हुए खतरे के माहौल की बात कही गई है। डीएचएस द्वारा जारी बुलेटिन के मुताबिक, ईरान समर्थक हैक्टीविस्ट और सरकारी साइबर यूनिट्स अमेरिका के कमजोर नेटवर्क्स को निशाना बना सकते हैं।

ईरान के सपोर्ट में रूस

अमेरिका द्वारा ईरान के परमाणु ठिकानों पर सीधे हमले के बाद रूस ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। रूस की सुरक्षा परिषद के डिप्टी चेयरमैन और पूर्व राष्ट्रपति दिमित्री मेदवेदेव ने अमेरिका को चेतावनी देते हुए कहा है कि अब कई देश ईरान को सीधे अपने न्यूक्लियर वॉरहेड (परमाणु हथियार) देने को तैयार हैं।

NEW DELHI @ PTI : सोमवार को ईरान के फोर्दो स्थित भूमिगत यूरेनियम संवर्धन स्थल पर फिर से हमला किया गया और ईरान ने भी इजरायल पर मिसाइलों और ड्रोनों की बौछार कर दी। ईरान ने इजराइल पर सोमवार दोपहर मिसाइल अटैक किया। टाइम्स ऑफ इजरायल की रिपोर्ट के मुताबिक दक्षिणी इजरायल के अशदोद इलाके में बैलिस्टिक मिसाइल से हमला हुआ है। रेस्क्यू टीम इस इलाके में काम कर रही है। साथ ही ईरान ने अमेरिका को चेतावनी दी कि डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन द्वारा ईरानी परमाणु स्थलों पर बड़े पैमाने पर किए गए हमलों के मद्देनजर अब उसकी सेना को अमेरिकी ठिकानों पर हमला करने की खुली छूट मिल गई है। ईरान के सरकारी टेलीविजन ने बताया कि फोर्दो स्थित परमाणु केंद्र रविवार को हुए हमले में भी प्रभावित हुआ था और सोमवार को इस पर फिर से हमला किया गया।

सेना ने दुश्मन के ठिकानों पर सटीक हमलों के लिए खरीदे 450 नागास्त्र 'आत्मघाती ड्रोन'

- लोइटरिंग म्यूनिशन सिस्टम में 80 फीसद से ज्यादा स्वदेशी सामग्री का हुआ इस्तेमाल

AGENCY NEW DELHI : भारतीय सेना 450 नागास्त्र-1आर लोइटरिंग युद्ध सामग्री का ऑर्डर देकर अपनी सटीक हमला क्षमताओं को बढ़ा रही है। जीपीएस से लैस इन स्वदेशी 'आत्मघाती ड्रोन' में सटीकता के साथ हमले करने की क्षमता, उच्च ऊंचाई पर संचालन और दिन-रात निगरानी की सुविधा है। दुश्मन के ठिकानों पर सटीक हमलों के लिए डिजाइन किया गया यह हथियार देश के सैन्य ढांचे को और मजबूत करेगा। इस सिस्टम का परीक्षण लद्दाख और उत्तर प्रदेश में झांसी के पास बबीना सहित विभिन्न स्थानों पर किया गया है। आने वाले समय में ऐसे और भी अत्याधुनिक स्वदेशी हथियार सेना को मिल सकते हैं। नागपुर की सोलर डिफेंस एंड एयरोस्पेस लिमिटेड में निर्मित अत्याधुनिक लोइटरिंग म्यूनिशन नागास्त्र-1आर की पहली खेप हासिल करने के बाद भारतीय सेना ने उपयोग किया है। इस हथियार की बढ़ती जरूरतों को देखते हुए अब सेना ने अपनी सटीक हमला क्षमताओं को बढ़ाने, अपनी पैदल सेना को आधुनिक बनाने के लिए 450 नागास्त्र-1आर लोइटरिंग युद्ध सामग्री का ऑर्डर दिया है। यह एक किफायती सिस्टम है, जिसमें लॉन्चर सिस्टम की पूरी तरह से दोबारा इस्तेमाल की जा सकने वाली खूबियां हैं।

नीतिगत असर मूलभूत रूप में वादे पूरे करने पर मोदी सरकार ने किया फोकस

पिछले 11 सालों में विकास का इंजन बन गया मिडिल क्लास

PHOTON NEWS @ RESEARCH DESK : साल 2014 में सत्ता में आने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनता की आशाओं के अनुरूप नीतिगत परिवर्तन पर खास फोकस किया। इसके कई फायदे जनता को मिले। समय-समय पर विषम परिस्थितियों में जनता को दिक्कतों का भी सामना करना पड़ा, लेकिन प्रधानमंत्री की नीयत पर जनता ने शक नहीं किया। हाल ही में मोदी सरकार के 11 साल पूरे हुए हैं। इन 11 सालों की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने के लिए व्यापक स्तर पर प्रयास जारी हैं। यह कहा जा रहा है कि पिछले कुछ वर्षों में सरकार की नीतियों ने मिडिल क्लास को विकास के इंजन के रूप में स्थापित कर दिया है। सरकार की ओर से बताया गया है कि 11 सालों में लोगों की आशाओं, जरूरतों और आकांक्षाओं को न केवल सुना गया, बल्कि इन पर उद्देश्यपूर्ण तरीके से काम भी किया गया। सरकार के 11 साल पूरे होने के चंद दिन पहले प्रेस सूचना ब्यूरो की अनुसंधान इकाई की ओर से जारी एक रिपोर्ट से यह जानकारी मिली है कि कर राहत से लोगों के हाथों में अधिक पैसा पहुंचाने से लेकर वृद्धावस्था में सुरक्षा का वादा करने वाली पेंशन योजनाओं तक पिछले 11 वर्षों में भारतीयों के जीवन को आसान निष्पक्ष और अधिक सम्मानजनक बनाने के लिए लगातार और ईमानदार प्रयास किए गए हैं।

बेसिक सिस्टम को जनोन्मुख बनाने के लिए हर स्तर पर किए गए प्रयास

हाल ही में जारी प्रेस सूचना ब्यूरो की अनुसंधान इकाई की रिपोर्ट में खुलासा

- कर राहत से लोगों के हाथों में अधिक पैसा पहुंचाने की नीति ने आगे बढ़ने का खोला मार्ग
- वृद्धावस्था में सुरक्षा का वादा करने वाली पेंशन योजनाओं को सम्मानजनक बनाने की हुई कोशिश
- पहले से चली आ रहीं कई नीतियों को बदल सरकार ने खत्म की लालफीताशाही

अनेक जटिल नियमों को सरल बनाकर रोजमर्रा की व्यवस्था को बनाया सहज

हमारी योजनाओं ने गरीबों के जीवन को बदल दिया : पीएम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में खुद सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर लिखा- गरीब कल्याण के प्रति समर्पित एक सहानुभूतिपूर्ण सरकार। पिछले एक दशक में एनडीए सरकार ने कई लोगों को गरीबी की स्थिति से निकालने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। हमारी सभी प्रमुख योजनाओं ने गरीबों के जीवन को बदल दिया।

सुधारों का एक बेहतर पैटर्न

रिपोर्ट की प्रस्तावना में बताया गया है कि सरकार ने लालफीताशाही को खत्म किया, नियमों को सरल बनाया और रोजमर्रा की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाया है। चाहे कर भरना हो, घर खरीदना हो, काम पर जाना हो या दवाइयां खरीदनी हों, चीजें सरल और अधिक सुलभ हो गई हैं। ये बिखरे हुए बदलाव नहीं हैं, बल्कि सुधारों का एक पैटर्न है जो आम नागरिकों की वास्तविक चिंताओं को दर्शाता है। सबसे खास बात निरंतरता है। सरकार ने कहा है कि पिछले 11 वर्षों में उसने मध्य वर्ग के जीवन में वास्तविक बदलाव लाने के लिए सांकेतिक उपायों से आगे बढ़कर काम किया है। आयकर दरों को कम करने से लेकर रिटर्न को सरल बनाने तक, हर कदम नागरिकों को उनकी कमाई का अधिक हिस्सा अपने पास रखने देने के मूल विचार के अनुरूप है।

चार राज्यों की 5 विधानसभा सीटों पर हुए उप-चुनाव का आया रिजल्ट

विसावदर व लुधियाना में 'आप' जीती, बंगाल में काउंटिंग के दौरान ब्लास्ट, बच्ची की मौत

AGENCY NEW DELHI : सोमवार को चार राज्यों की 5 विधानसभा सीट पर हुए उप-चुनाव का रिजल्ट आ गए। गुजरात की कडी सीट से भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र चावड़ा जीते। उन्होंने कांग्रेस के रमेश चावड़ा को हराया। विसावदर पर 'आप' के गोपाल इटालिया जीते। भाजपा के कीर्ति पटेल दूसरे नंबर पर रहे। केरल में यूडीएफ उम्मीदवार कांग्रेस के आर्यदन शौकत को जीत मिली। उन्होंने सीपीआईएम के एम.स्वराज को हराया। पंजाब की लुधियाना वेस्ट 'आप' के खाते में आई, यहां संजीव अरोड़ा जीते। कांग्रेस के भारत भूषण आसु दूसरे नंबर पर रहे। पश्चिम बंगाल की कालीगंज सीट पर टीएमसी प्रत्याशी अलिफा अहमद जीतीं। उन्होंने भाजपा के आशीष घोष को हराया। इन सभी पांचों सीटों पर 19 जून को वोटिंग हुई थी। वहीं, कालीगंज सीट के लिए जारी काउंटिंग के बीच कृष्णानगर थाना क्षेत्र के बाराचंदगर इलाके में एक विस्फोट हुआ। घटना में 9 साल की बच्ची की मौत हो गई।

कडी सीट से भाजपा, केरल में यूडीएफ व बंगाल में टीएमसी विजयी

राजेंद्र चावड़ा	गोपाल इटालिया	आर्यदन शौकत	संजीव अरोड़ा	अलिफा अहमद
भाजपा	'आप'	यूडीएफ	'आप'	टीएमसी

केजरीवाल का राज्यसभा जाना संभव

संजीव अरोड़ा विधायक बनते हैं तो उन्हें राज्यसभा सीट छोड़नी होगी। कयास लगाए जा रहे हैं कि 'आप' अरविंद केजरीवाल को पंजाब से राज्यसभा भेज सकती है।

BRIEF NEWS

नशा छोड़ें, जीवन से नाता जोड़ें... का दिया जा रहा संदेश

HAZARIBAG : झारखंड सरकार के निदेर्शानुसार चलाए जा रहे नशा मुक्ति जन-जागरूकता अभियान के अंतर्गत सोमवार को सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, हजारीबाग द्वारा जिले के विभिन्न प्रखंडों में व्यापक स्तर पर जनजागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। यह जागरूकता कार्यक्रम नशा छोड़ें, जीवन से नाता जोड़ें... थीम पर आधारित है, जिसे राज्य सरकार द्वारा चरणबद्ध ढंग से समस्त पंचायतों एवं गांवों में संचालित किया जा रहा है, ताकि समाज के अंतिम व्यक्ति तक इस संदेश का प्रभावी संप्रेषण सुनिश्चित किया जा सके। नशा उन्मूलन के प्रति चेतना जागृत करने के लिए नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए गए तथा एलईडी स्क्रीन के माध्यम से विविध जागरूकता संदेश, वीडियो क्लिप्स एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम प्रसारित किए गए। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कलाकारों ने मादक पदार्थों के सेवन से उत्पन्न सामाजिक विघटन, आर्थिक संकट एवं पारिवारिक कलह जैसे गंभीर दुष्परिणामों को प्रभावपूर्ण ढंग से जनमानस के समक्ष प्रस्तुत किया गया। वहीं, एलईडी स्क्रीन पर प्रदर्शित संदेशों ने समाज के विभिन्न वर्गों, विशेषकर युवाओं, महिलाओं एवं किशोरों में नशा के विरुद्ध जागरूकता का सशक्त संचार किया।

दो साल बाद केयू ने बनाई स्क्रीनिंग कमेटी

JAMSHEDPUR : कोल्हन विश्वविद्यालय ने 2008 में नियुक्त शिक्षकों की पहली प्रोन्नति को प्राथमिकता दी है। इसके लिए स्क्रीनिंग कमेटी का गठन कर दिया गया है। कुलपति की अध्यक्षता में बनी इस कमेटी में संबंधित संकाय अध्यक्ष और स्नातकोत्तर विभागाध्यक्ष को शामिल किया गया है। कमेटी 4 जुलाई तक सभी विषयों की स्क्रीनिंग पूरी कर रिपोर्ट देगी। विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डॉ. एके झा ने बताया कि प्रोन्नति की प्रक्रिया कैरियर एडवांसमेंट स्कीम 2010 के तहत की जा रही है। प्रोन्नति के बाद शिक्षकों को 6000 से 7000 ग्रेड-पे का लाभ मिलेगा। बाह्य एजेंसी में कार्यरत कर्मचारियों की समस्या के समाधान के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद कुलपति ने शिक्षकों की प्रोन्नति को प्राथमिकता पर लेने का निर्णय लिया। स्क्रीनिंग कमेटी सभी विषयों से आए प्रोन्नति आवेदनों की समीक्षा करेगी। इसके आधार पर विश्वविद्यालय जेपीएससी को संस्तुति भेजेगा।

दो साल से पेंडिंग था मामला : कोल्हान विवि के करीब 150 शिक्षकों के प्रमोशन की फाइल मार्च 2023 से विवि में पड़ी हुई थी। क्योंकि इन फाइल की जांच जिस स्क्रीनिंग कमेटी को करनी थी। उसे केयू बना ही नहीं रहा था। जबकि जमशेदपुर महिला विवि समेत अन्य विवि के शिक्षकों के प्रमोशन की फाइल आयोग में है। हालांकि अब विवि द्वारा करीब दो साल बाद कमेटी का गठन कर दिया गया है। अब देखना होगा की यह कमेटी कितना जल्दी अपनी रिपोर्ट देती है।

अधिकांश विषयों में एक भी प्रोफेसर नहीं : कोल्हान विवि में 22 विषयों के अलावा टीआरएल के आठ नियमित कोर्स की पढ़ाई होती है। इसमें अधिकांश विषयों में एक भी प्रफेसर नहीं है। वहीं सिर्फ आधा दर्जन विषयों में एसोसिएट प्रोफेसर रह गए हैं।

बरही में भरभराकर गिरा छज्जा, मलबे में दबकर पति-पत्नी की हो गई मौत

जिला प्रशासन ने परिजनों को दिया मुआवजा, बच्चों की देखभाल का किया इंतजाम

PHOTON NEWS HAZARIBAG : बरही थाना क्षेत्र के रसोइया धमना बाराटोला गांव में रविवार को देर रात एक दर्दनाक हादसे में पति-पत्नी की मौत हो गई। जर्जर मकान का छज्जा भरभराकर गिर गया, जिसके मलबे में दबकर हबीब अंसारी (50 वर्ष) और उसकी पत्नी जुमेरा खातून की मौके पर ही मौत हो गई। यह हादसा उस समय हुआ जब दंपती गहरी नींद में थे। स्थानीय लोगों के अनुसार, आधी रात को अचानक मकान की छत गिर गई। हादसा इतना भयावह था कि दंपती पूरी तरह मलबे में दब गए। जब पड़ोसियों ने शोर सुना, तो मौके पर पहुंचे और तुरंत मलबा हटाकर दोनों को बाहर निकाला। उन्हें बरही के अनुमंडल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जिला प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि दो दिन के अंदर आवास को पूर्णतया तैयार कर दिया जाएगा।

मकान की स्थिति पहले से थी जर्जर

ग्रामीणों का कहना है कि मकान काफी पुराना और कमजोर हो चुका था, जिसकी मरम्मत नहीं कराई गई थी। लगातार बारिश और समय के साथ कमजोर ढांचे के कारण छत गिर गई। यह हादसा बरही क्षेत्र के लिए एक बड़ी त्रासदी बनकर सामने आया है।

मुआवजा देने के लिए पहुंचे डीडीसी इश्तियाक अहमद ● फोटोन न्यूज

मृतक जुमेरा खातून थीं सक्रिय जनप्रतिनिधि

जुमेरा खातून वार्ड संख्या 9 की एक सक्रिय जनप्रतिनिधि थीं और सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती थीं। उनकी असामयिक मृत्यु ने गांव को गहरे शोक में डुबो दिया है। लोग उन्हें एक संवेदनशील और सामाजिक महिला के रूप में याद कर रहे हैं।

प्रशासन ने की 4 लाख रुपये मुआवजे की घोषणा

घटना की सूचना मिलते ही बरही के अंचलाधिकारी (सीओ) अमित किस्कू सहित प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। सीओ ने कहा कि यह प्राकृतिक आपदा की श्रेणी में आता है और सरकारी प्रावधानों के तहत मृतकों के परिजनों को 4 लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान की जाएगी। प्रशासन ने पीड़ित परिवार को हरसंभव मदद का आश्वासन दिया है। इसमें 1 लाख 80 हजार रुपये का भुगतान कर दिया गया।

पांच बच्चों के सिर से उठा मां-बाप का साया

मृतक दंपती अपने पीछे चार पुत्रियां और एक पुत्र को छोड़ गए हैं। अब इन मासूम बच्चों के सामने जीवन की एक नई और चुनौतीपूर्ण लड़ाई खड़ी हो गई है। जिला प्रशासन ने बच्चों की पढ़ाई-लिखाई और भरण-पोषण का इंतजाम किया है। डीडीसी इश्तियाक अहमद ने कहा कि दोनों बेटियों को प्रतिमाह 4 हजार रुपये छात्रवृत्ति देने की प्रक्रिया आरंभ कर दी गई है। दोनों का कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, बरही में नामांकन कराया जा रहा है।

जेवरात सहित 41 हजार रुपये नकद लेकर फरार हुए चोर, पांच मिनट में हो गई चोरी

AGENCY HAZARIBAG : हजारीबाग शहर के ओकनी तालाब गली नंबर एक में चोरी की घटना सामने आई है। घटना सोमवार अहले सुबह की है। जानकारी के मुताबिक चोरों ने महज 5 मिनट में गोदरेज का दरवाजा तोड़ 41 हजार रुपये नकद के साथ सोने के जेवरात लेकर फरार हो गए।

मिली जानकारी के अनुसार जिनके घर में सुबह-सुबह चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया उनका नाम विशाल सिन्हा है। वह पेशे से बस कंडक्टर हैं। उनकी पत्नी सिमरन ने बताया कि सुबह चार बजे पति ड्यूटी के लिए निकल गए थे। उनके जाने के कुछ देर बाद दरवाजा तोड़ने की आवाज सुनाई दी। मेरे साथ बच्चे और बहन थी, जिस कमरे में हम सोए हुए थे उसका दरवाजा डर से हमने अंदर से बंद कर लिया था। सिमरन ने बताया कि हमने खुद को कमरे में बंद किया और पति, देवर और जेठ को कॉल किया। जब तक आस-पड़ोस के लोग और रिश्तेदार मौके पर पहुंचे, चोर जा चुके थे।

इस घटना ने शहर की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अपार्टमेंट में लगे तीन सीसीटीवी कैमरे बंद थे। एक दिन पहले ही शहर में सात राउंड गोलीबारी की घटना हुई थी। दो दिन में दो बड़ी वारदातों से स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल है। घटना की सूचना मिलते ही हजारीबाग पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

अलमारी में बिखरे सामान दिखाते परिवार के लोग ● फोटोन न्यूज

बुजुर्गों को मिला आयुष्मान भारत स्मार्ट कार्ड, सांसद ने किया वितरण

JAMSHEDPUR : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों के लिए शुरू की गई आयुष्मान भारत योजना के तहत सोमवार को सदर अस्पताल में स्मार्ट हेल्थ कार्ड का वितरण किया गया। इस अवसर पर सांसद विद्युत वरण महतो ने स्वयं उपस्थित होकर बुजुर्गों के बीच पांच लाख तक के निःशुल्क इलाज के लिए आयुष्मान भारत स्मार्ट कार्ड वितरित किए। सांसद ने बुजुर्गों से अपील की कि वे इस योजना की जानकारी अन्य बुजुर्गों तक भी पहुंचाएं और उन्हें प्रेरित करें कि वे सदर अस्पताल में आधार कार्ड लेकर आएं और अपना स्मार्ट कार्ड बनवाएं। उन्होंने कहा कि यह कार्ड बुजुर्गों को गंभीर बीमारियों के समय आर्थिक सुरक्षा प्रदान करेगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सिविल सर्जन डॉ. आशीष पाल ने कहा कि बड़ी संख्या में लोगों ने स्मार्ट कार्ड के लिए पंजीकरण कराया है और स्वास्थ्य विभाग का लक्ष्य है कि जिले के हर योग्य बुजुर्ग को इसका लाभ मिले।

मुहर्रम की तैयारियां शुरू, 27 जून से हो सकता आगाज

JAMSHEDPUR : इस्लामिक नववर्ष 1447 हिजरी के आगमन के साथ ही शहर में मोहर्रम की तैयारियां शुरू हो गई हैं। मुस्लिम बहुल इलाकों में डंका बजने लगा है और माहौल गमगीन होता जा रहा है। इमारत-ए-शरिया जमशेदपुर के प्रमुख सउद आलम कासमी ने बताया कि यदि 26 जून की शाम चांद नजर आता है, तो हिजरी वर्ष की पहली तारीख 27 जून होगी। अन्यथा यह 28 जून से शुरू होगा। इस्लामिक कैलेंडर के अनुसार चांद दिखने पर महीनों की गणना की जाती है, जो 29 या 30 दिनों की हो सकती है। शिया समुदाय की ओर से एक नई पहल करते हुए इस बार मजलिस का डिजिटल प्लेटफॉर्म पर सीधा प्रसारण किया जाएगा। इलाहाबाद के मौलाना हैदर रिजवी इस अवसर पर विशेष मजलिस में शरीक होंगे। मानगो की जाफरी मस्जिद में 1 से 12 मुहर्रम तक रोज सुबह 10 बजे मजलिस आयोजित होगी। हुसैनी मिशन, साकची में रात 8 बजे से मजलिस होगी।

सुन्नी समाज में भी जोर-शोर से तैयारियां

शहर के विभिन्न इमामबाड़ों में ताजिया निर्माण शुरू हो गया है। कारीगर दिन-रात मेहनत कर रहे हैं, ताकि दसवीं मोहर्रम को भव्य जुलूस निकाला जा सके। मुहर्रम के दौरान ताजिया जुलूस शहर के विभिन्न हिस्सों से निकाले जाएंगे, जिनमें बड़ी संख्या में लोग शरीक होंगे।

यहां से निकलेगा मातमी जुलूस : 7वीं मुहर्रम की रात 9 बजे: हुसैनी मिशन, साकची वेल्लर रोड से कर्बला के 13 वर्षीय शहीद हजरत कासिम की याद में अलम जुलूस।

9वीं मुहर्रम की रात 9 बजे : मातमी जुलूस। **10वीं मुहर्रम की सुबह 10 बजे :** प्रमुख जुलूस निकाला जाएगा।

राज्यपाल ने नेतरहाट की शैक्षणिक गुणवत्ता को सराहा, नासपाती का बागान भी देखा

PHOTON NEWS LATEHAR : राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने सोमवार को नेतरहाट प्रवास के दौरान नेतरहाट आवासीय विद्यालय का भ्रमण किया तथा वहां की विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों का अवलोकन किया। उन्होंने विद्यालय परिसर में पुस्तकालय, प्रयोगशालाओं सहित विभिन्न शैक्षणिक विभागों का निरीक्षण किया और विद्यार्थियों को उपलब्ध संसाधनों की जानकारी ली। राज्यपाल को विद्यालय के प्राचार्य ने विद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियां, अनुशासन, शिक्षण पद्धति तथा विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए किए जा रहे नवाचारों से अवगत कराया। राज्यपाल ने विद्यालय की सुदृढ़ शैक्षणिक परंपरा, अनुशासित वातावरण तथा प्राकृतिक सौंदर्य से युक्त परिसर की सराहना की।

नेतरहाट स्कूल में राज्यपाल को स्मृति चिह्न भेंट करते प्राचार्य ● फोटोन न्यूज

उन्होंने कहा कि नेतरहाट विद्यालय न केवल झारखंड, बल्कि पूरे देश की शैक्षणिक गरिमा का प्रतीक है। यहां से शिक्षा प्राप्त कर चुके विद्यार्थियों ने देश-विदेश में विद्यालय व राज्य का नाम रोशन किया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह संस्थान गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की अपनी गौरवशाली परंपरा को निरंतर बनाए रखेगा। राज्यपाल ने नेतरहाट स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का भी अवलोकन किया। उन्होंने चिकित्सा सुविधाओं, उपलब्ध दवाओं तथा स्थानीय निवासियों को दी जाने वाली स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली। राज्यपाल ने नेतरहाट क्षेत्र में लगभग 100 एकड़ में फैले नासपाती बागान का भी भ्रमण किया।

उन्हें जानकारी दी गई कि यहां 'नट' किस्म के नासपाती भी हैं, जो अपने स्वाद एवं गुणवत्ता के लिए मशहूर है।

वेतन बढ़ोतरी की मांग पर सफाई कर्मियों ने की हड़ताल

DHANBAD : शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज-अस्पताल में आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारियों ने वेतन बढ़ोतरी की मांग को लेकर हड़ताल कर दी। सोमवार को सुबह 8 बजे सभी सफाई कर्मचारी काम छोड़कर अस्पताल के मुख्य परिसर में आ गए। कर्मियों ने कहा कि पिछले दो वर्ष से यहां कमांडो सर्विसेज के अंतर्गत साफ-सफाई का काम हो रहा है, जिसमें लगभग 100 सफाई कर्मचारी सेवा दे रहे हैं। लेकिन, सरकार द्वारा तय मजदूरी का भुगतान नहीं हो रहा है। सफाई कर्मियों ने कहा कि नियम अनुसार 400 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से हाजिरी बनती है। लेकिन, उन्हें कभी 270 तो कभी 280 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से दिया जा रहा है। पिछले दो वर्षों से एजेंसी आज-कल में मजदूरी बढ़ाने की बात कर रही है, लेकिन इस आश्वासन को पूरा नहीं कर रही है। साफ सफाई ठप होने के बाद अस्पताल प्रबंधन हरकत में आया और संबंधित एजेंसी के पदाधिकारी से बातचीत की। अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि 27 जून को एजेंसी के अधिकारी धनबाद आएंगे, इसके बाद त्रिपक्षीय वार्ता होगी। तब तक सफाई कर्मचारियों को कम पर लौटने को कहा गया।

छात्रों की किताबें कबाड़ी को बेचता पकड़ा गया नाइट गार्ड

PHOTON NEWS JSR : पूर्वी सिंहभूम जिले के चाकुलिया नगर पंचायत क्षेत्र में सोमवार को सरकारी स्कूलों की नई किताबें कबाड़ में बेचने का मामला सामने आया। झारखंड शिक्षा परियोजना द्वारा भेजी गई करीब 20 बोरी किताबें और कॉपियां एक डाला टेंपो में भरकर पुराने बाजार स्थित कबाड़ी को बेची जा रही थीं। पत्रकारों की नजर पड़ने पर मामला उजागर हुआ। बताया गया कि इन किताबों को बेचने में केयरटेकर सह नाइट गार्ड बापी दास की अहम भूमिका रही। विभाग ने बापी दास को ही किताबें अनलोड करने की जिम्मेदारी दी थी। ये किताबें सत्र 2025-26 की थीं। इनमें कक्षा एक और पांच की नोटबुक, ज्ञानसेतु की भूगोल, अंग्रेजी और गणित की किताबें शामिल थीं। इन्हें मिस्त्रीपाड़ा विलय स्कूल के गोदाम से टेंपो में भरकर नया बाजार लाया गया था। वहां एक धर्म कांटा पर वजन कराने के बाद इन्हें कबाड़ में बेचने ले जाया जा रहा था। लोगों की नजर पड़ते ही टेंपो चालक किताबों से भरी बोरियां वहीं फेंककर भाग गया। सूचना मिलते ही थाना के एसआई सुकलाल टुडू दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। बीपीओ तरुण गिरि भी मुसाबनी से घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने सभी किताबें जब्त कर थाने ले आई।

बीईईओ को शोकॉज

प्रखंड संसाधन केंद्र में तैनात नाइट गार्ड द्वारा छात्रों के लिए आई किताबें कबाड़ी को बेचने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद जिला शिक्षा अधीक्षक आशीष पांडे ने कहा कि यह घटना सरकारी संपत्ति की खुली चोरी और दुरुपयोग का मामला है। साथ ही यह छात्र हितों की अनदेखी और विभाग की छवि को नुकसान पहुंचाने वाला कृत्य है। मामले की गंभीरता को देखते हुए संबंधित गार्ड के खिलाफ तत्काल प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया गया है। उसकी सेवा की समीक्षा कर अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए प्रतिवेदन मांगा गया है। उन्होंने बताया कि जांच में यह भी सामने आया है कि केंद्र में पर्याप्त जगह होने के बावजूद किताबों को मर्ज विद्यालय भवन में रखा गया था। वहीं से उनकी चोरी और बिक्री संभव हुई। यह निर्णय प्रशासनिक लापरवाही और जिम्मेदारी से बचने का संकेत देता है। ऐसे में चाकुलिया के प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को शोकॉज जारी करते हुए विभाग ने 24 घंटे के भीतर स्पष्टीकरण मांगा है कि किताबों को मर्ज विद्यालय में रखने का निर्णय किन परिस्थितियों में लिया गया इसकी जानकारी देने को भी कहा गया है।

प्रधानमंत्री मोदी के शासन में देश पूरी तरह से सुरक्षित : बाबूलाल

DUMKA : भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शासन मे देश पूरी तरह से सुरक्षित है। 11 सालों के केंद्रीय नेतृत्व मे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के लिए जो कल्याणकारी योजनाएं दिया वह मिशाल है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11सालो के कार्यकाल मे देश की जनता को एक समान अवसर दिया। मरांडी सोमवार को दुमका परिसदन भवन में प्रेसवार्ता में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि देश के गांव-गांव तक सड़क है, बिजली है प्रत्येक लोगों के हाथ तक सूचना का तंत्र है। कोई बीमार हो तो उनको भी पांच लाख तक की इलाज की सुविधा आयुष्मान के तहत मिल रहा है। उन्होंने कहा कि कहने को यहां की राज्य सरकार इलाज के नाम पर बीमा योजना का लाभ दे रही है। लेकिन इलाज के नाम पर झारखंड की सरकार कुछ नहीं दे रही है। मरांडी ने कहा कि जिन अस्पतालों ने लोगो का इलाज किया यहां की झारखंड सरकार उन अस्पतालों को भुगतान भी नहीं किया। उन्होंने कहा कि देश की सरकार गरीबों की चिंता कर रही है उनके चूल्हा, स्वास्थ्य विकास, सड़क, स्वास्थ्य की चिंता कर रही है। उन्होंने कहा कि इसलिए इन 11 वर्षो मे केंद्र सरकार के नेतृत्व मे देश की जनता सुरक्षित महसूस कर रही है। देश में सुशासन भी है और विकास के साथ साथ गरीबों के लिए कल्याणकारी योजनाएं भी चलाई जा रही है। मरांडी ने कहा कि भाजपा ने आतंकवाद को लेकर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि देश मे झारखंड आतंकवाद के लिए ओर भी संवेदनशील प्रदेश है। पिछले दिनों कई आतंकवाद का ठिकाना झारखंड से मिला है। इसमे कई आतंकवादियों को झारखंड से गिरफ्तार किया गया है।

लाइव स्ट्रीमिंग में देश भर के साहित्यकारों ने उदाहरणों के साथ रखे अपने-अपने विचार

सृजन संवाद में युद्ध के विरुद्ध साहित्य व कला की भूमिका पर हुई व्यापक चर्चा

PHOTON NEWS JSR : जमशेदपुर स्थित संस्था 'सृजन संवाद' पिछले 14 वर्षों से साहित्य, कला, सिनेमा एवं समसामयिक मुद्दों पर चर्चा और परिचर्चा का मंच रही है। इस संस्था की प्रत्येक विचार गोष्ठी साहित्यिक प्रतिबद्धता का निर्वहन करती आई है। इसी कड़ी में, वर्तमान समय में जब विश्व के विभिन्न हिस्सों में युद्ध जैसी परिस्थितियां बन रही हैं या बन चुकी हैं, संस्था ने एक बार फिर अपनी साहित्यिक-सांस्कृतिक ज़िम्मेदारी निभाते हुए युद्ध-विरोधी साहित्य और कला की भूमिका पर विचार करना प्रारंभ किया है। संस्था द्वारा यह विषय 'युद्ध के विरुद्ध साहित्य और कला की भूमिका' को लेकर एक श्रृंखला के रूप में गोष्ठियों के आयोजन द्वारा प्रस्तुत किया जा रहा है। इसी क्रम में, 151वां 'सृजन संवाद' शनिवार शाम 6 बजे आयोजित किया गया, जिसका विषय था– 'युद्ध के विरुद्ध : कविता'।

गणमान्य अतिथियों ने विभिन्न भाषाओं में रचित तथा स्वयं की रचनाओं के माध्यम से युद्ध की विभीषिका और युद्ध-पीड़ित मानसिकता को अभिव्यक्त करती कविताओं का पाठ किया।

इस संस्था की व्यवस्थापक डॉ. विजय शर्मा ने अपने स्वागत वक्तव्य में कहा कि साहित्य जितना प्राचीन और शाश्वत है, युद्ध भी उतना ही पुराना अनुभव है। रामायण और महाभारत से लेकर प्रथम एवं द्वितीय विश्वयुद्ध, भारत-पाक और भारत-चीन युद्धों तक, इतिहास में कई बार युद्ध आत्मरक्षा, आत्मगौरव और सम्मान के लिए आवश्यक हो जाता है। फिर भी, हर परिस्थिति में युद्ध विनाश ही लाता है। साहित्य, प्रत्यक्ष न सही, पर अप्रत्यक्ष रूप से युद्ध को रोकने में सहायक सिद्ध होता है। यह व्यक्ति के भीतर की कटुता का शमन करता है और सह-अस्तित्व की भावना को जन्म देता है। साहित्य और कला का प्रभाव जल की उन उर्मियों (तरंगों) के समान है, जो लगातार प्रवाहित होती रहती हैं और यही तरंगें मानवता के प्रति आशा को बनाए रखती हैं। इतिहास में अनेक ऐसे कवि हुए हैं - विशेष रूप से वे, जिन्होंने प्रथम विश्वयुद्ध में सैनिक के रूप में भाग लिया था- जिन्होंने युद्ध के मानसिक संघर्ष को कविता और कला के माध्यम से अभिव्यक्त किया। उन्होंने युद्ध की त्रुटियों, शारीरिक और मानसिक पीड़ाओं, पारिवारिक विघटन तथा भावनात्मक क्षति को शब्दों में पिरोया, ताकि आने वाली पीढ़ियाँ युद्ध के विनाश से सबक ले सकें। इस प्रकार साहित्य की प्रासंगिकता और उसकी शांति-स्थापना में भूमिका आज भी उतनी ही आवश्यक है, जितनी अतीत में रही है।

कवि परमानंद ने कुशलतापूर्वक मंच संचालन करते हुए अपनी कविता 'अबूझ माड़' तथा समकालीन कवि रोहित ठाकुर की कविता 'युद्ध के खिलाफ कविताएं' का पाठ किया। साथ-ही-साथ उन्होंने कहा कि मनुष्य की प्रवृति ही आक्रामक है, ज्यादा पाने की लालसा जब तक मनुष्य में बनी रहेगी तब तक युद्ध होते रहेंगे। डॉ. आभा विश्वकर्मा ने स्मृति मनचंदा की कविताओं 'वीरगति', 'बिगुल', 'युद्धघोष', 'जब युद्ध खत्म होगा' और 'तीसरे विश्वयुद्ध की प्रतीक्षा में' का पाठ किया। जाने-माने गजलकार एवं कहानीकार अजय महताब ने इजरायली कवि यहूदा अमीचाई की कविता 'बम का व्यास' (जिसका अनुवाद अशोक पांडेय ने किया है) तथा इसी कवि की एक अन्य कविता 'मेरे वालिद' (जिसका अनुवाद सुरेश सलाई ने किया है) का पाठ किया। प्रो. शांति नायर, जो शंकराचार्य संस्कृत विश्वविद्यालय में कार्यरत शिक्षाविद एवं कवयित्री हैं, ने अपनी कविताएं- 'युद्ध पर प्रश्नचिह्न', 'युद्ध समाप्त हो जाता है' और 'हिलना' का पाठ किया। इन कविताओं में युद्ध की भीषणता और वीभत्सता का प्रभावशाली चित्रण है। इन रचनाओं में यह दिखाया गया है कि किस प्रकार युद्ध शांति के स्थान पर भय को जन्म देता है, और जैसे-जैसे यह भय बढ़ता है, वह राज्य-विस्तार की आकांक्षा के माध्यम से अनेक सभ्यताओं और संस्कृतियों को निगल जाता है। दीपा मिश्रा, जो भारतीय भाषा संस्थान, मैसूर में कार्यरत हैं, ने मैथिली भाषा में स्वरचित अत्यंत मार्मिक कविताएँ -'अबोध', 'हमर प्रार्थना में' तथा 'मनुष्य' (हिन्दी अनुवाद) का पाठ किया। इन कविताओं में एक ऐसे बेहतर मानव और शांतिपूर्ण वातावरण की तलाश है, जहाँ युद्धजन्य उपक्रमों के लिए कोई स्थान नहीं है। साहित्यकार डॉ. क्षमा त्रिपाठी ने राघवेश त्रिपाठी, अच्युतानंद मिश्र और अटल बिहारी वाजपेयी की कविताओं का पाठ किया। डॉ. अंशु तिवारी ने कर्नल जॉन मैक्रे की अंग्रेजी कविता 'इन फ़्लैन्डर्स फील्ड्स' का पाठ तथा विल्फ्रेड ओवेन की कविता 'डल्से एट डेकोरम एस्ट' के हिन्दी अनुवाद का पाठ किया।

BRIEF NEWS

मोहित देवड़ा की जमानत याचिका पर अगली सुनवाई कल

RANCHI : रांची पीएमएलए की विशेष कोर्ट में 800 करोड़ रुपये के जीएसटी घोटाले के जरिये मनी लॉन्ड्रिंग करने के आरोपित कोलकाता के कारोबारी मोहित देवड़ा की जमानत याचिका पर सोमवार को आंशिक सुनवाई हुई। इसके बाद कोर्ट ने अगली सुनवाई के लिए 25 जून की तिथि निर्धारित की है। ईडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक आतिश कुमार ने बहस की। मोहित देवड़ा पर शेल कंपनियों के नाम पर जीएसटी इंट्री कर 800 करोड़ से अधिक के फर्जीवाड़े का आरोप है।

मारवाड़ी मंच के रक्तदान शिविर में 713 यूनिट रक्त एकत्रित

RANCHI : मारवाड़ी युवा मंच रांची शाखा की ओर से रांची में आयोजित 15 दिवसीय रक्तदान पखवाड़ा सोमवार को संपन्न हुआ। इस विशेष अभियान में मंच ने 27 रक्तदान शिविरों का आयोजन कर कुल 713 यूनिट रक्त एकत्र किया। यह जानकारी देते हुए मंच के राघव जालान ने बताया कि रक्तदान पखवाड़ा के दौरान मंच ने लगातार 15 दिनों तक विभिन्न स्थानों पर शिविर लगाए गए थे। और आमजनों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया। इस दौरान 100 से अधिक लोगों ने पहली बार रक्तदान किया। और भविष्य में नियमित रक्तदाता बनने का संकल्प लिया।

संथाल के पांच दिवसीय दौरे पर 26 को जाएंगे के. राजू

RANCHI : अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के के स्थायी आमंत्रित सदस्य और प्रदेश प्रभारी के राजू 26 जून को पांच दिवसीय दौरे पर झारखंड के संथाल परगना जाएंगे। प्रदेश महासचिव सह मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने सोमवार को बताया कि के राजू और प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश पहले दिन देवघर जिला कांग्रेस कमिटी के जिलाध्यक्ष, जिला पर्यवेक्षक, ब्लॉक अध्यक्ष, ब्लॉक पर्यवेक्षक एवं मंडल अध्यक्षों की बैठक में भाग लेंगे। इसके बाद जामताड़ा जिले में जिला पदाधिकारियों की बैठक में भाग लेंगे।

आजसू का नौकरी दो हेमंत सरकार अभियान नौ अगस्त से

RANCHI : आजसू पार्टी के मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, केंद्रीय महासचिव राजेंद्र मेहता और युवा नेता संजय मेहता ने कहा कि निजी क्षेत्र में स्थानीय को 75 प्रतिशत आरक्षण दिलवाने के लिए आजसू पार्टी संघर्ष करेगी। पार्टी नेताओं ने सोमवार को पार्टी कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि क्रूरता पड़ी इसके लिए आजसू न्यायालय में भी पहल करेगा। उन्होंने कहा कि पार्टी नौ अगस्त से 14 अगस्त तक नौकरी दो हेमंत सरकार अभियान चलाएगी और इस संबंध में राज्य सरकार से हिसाब मांगेगी एवं निजी क्षेत्र के कार्यालयों में ज्ञापन देगी। मौके पर मुख्य प्रवक्ता डॉ भगत ने सभी कार्यकर्ताओं और मीडिया का आभार प्रकट किया।

जिनका नहीं ठिकाना, बारिश में उनके लिए निगम ने किया खास इंतजाम

VIVEK SHARMA RANCHI : राजधानी में आफत बनकर बारिश जारी है। पिछले पांच दिनों से लगातार हो रही बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। ऐसे में रांची नगर निगम ने वैसे लोगों के लिए जिनके पास कोई ठिकाना नहीं है, उनके लिए रहने का इंतजाम किया गया है। शहर में बनाए गए शेल्टर होम (रैन बसेरा) में लोगों से रहने की अपील की गई है। जिससे कि भारी बारिश में भी उन्हें कोई परेशानी न हो। बता दें कि रांची नगर निगम शहर में 10 शेल्टर होम का संचालन कर रहा है।

- राजधानी रांची में 10 शेल्टर होम का संचालन कर रहा रांची नगर निगम
- लोगों से की गई अपील, जर्जर घरों में न रहें, कभी भी हो सकता है हादसा
- फुटपाथ किनारे रहने वालों के लिए भी की गई है आवासीय व्यवस्था

शेल्टर होम में सब इंतजाम : नगर निगम द्वारा संचालित रैन बसेरा में बेड से लेकर सारी सुविधाएं उपलब्ध है। वहां पर लोगों को चादर, कंबल व तकिया भी उपलब्ध कराया जाता है। इसके अलावा मच्छरों से बचाव के लिए मच्छरदानी भी उपलब्ध कराने को कहा गया है। जिससे कि यहां पर आने वालों को किसी तरह की परेशानी न हो। इन सबके अलावा रैन बसेरा में वॉशरूम के भी इंतजाम किए गए हैं।

इमरजेंसी में दवाएं भी उपलब्ध

शेल्टर होम में लोगों के रहने के अलावा वहां पर इमरजेंसी के लिए फर्स्ट ऐड बॉक्स भी रखा है, जिसमें जरूरी दवाएं, बैंडेज, पट्टी व अन्य चीजें उपलब्ध हैं। इसके अलावा जरूरत पड़ने पर एंबुलेंस सेवा भी उपलब्ध कराने की भी तैयारी है। शेल्टर होम संचालक को इसकी पूरी जानकारी है। ऐसे में वहां रहने वाले लोग जरूरत पड़ने पर एंबुलेंस के लिए सेंटर संचालक से संपर्क कर सकते हैं।

जर्जर घरों के लोगों से भी अपील

राजधानी में कई लोग जर्जर घरों में रह रहे हैं। ब्राबे आवास चिरौंदी में रहने वालों को भी नगर निगम की ओर से नोटिस दिया गया है। साथ ही लोगों से अपील की गई है कि जिस तरह से शहर में बारिश हो रही है, उससे नुकसान से इनकार नहीं किया जा सकता। ऐसे में लोग किसी परेशानी में न रहें और आकर निगम के शेल्टर होम में फिलहाल शरण ले सकते है, ताकि उन्हें भी छत मिल जाएगी। वहीं दुर्घटना का खतरा भी नहीं रहेगा।

> बारिश को देखते हुए रांची नगर निगम के सभी शेल्टर होम को लोगों के लिए खोलने का निर्देश दिया गया है, ताकि लोगों को खुले में न रहना पड़े। कोई भी व्यक्ति जिसका कोई आशियाना नहीं है, वहां पर आकर नि:शुल्क रह सकता है। इसके लिए कोई चार्ज नहीं लिया जाता है। सारी सुविधाएं लोगों को फ्री में उपलब्ध कराई जा रही हैं।
> –मृणाल कुमार, सिटी मैनेजर, रांची नगर निगम।

किस शेल्टर में कितने बेड उपलब्ध

1. खादगढ़ा बस स्टैंड- 50 बेड पुरुष, 49 बेड महिला
2. धुर्वा बस स्टैंड-16
3. एजी मोड़ डोरंडा-10
4. मधुकम चूना भट्ठा-16
5. रिम्स परिसर-19
6. बकरी बाजार-10
7. कर्बला चौक-10
8. जगन्नाथपुर मंदिर-16
9. आईटीआई बस स्टैंड-10

घर से लेकर हॉस्पिटल तक डूबे, कई जगहों पर गिरी बाउंड्री वॉल

बारिश में फिर डूब गए राजधानी के कई इलाके, निगम ने बनाई 7 क्यूआरटी

PHOTON NEWS RANCHI : रविवार के बाद सोमवार को भी राजधानी रांची में हुई मूसलाधार बारिश ने एक बार फिर शहर की व्यवस्था को पूरी तरह से अस्त-व्यस्त कर दिया। दोपहर से शुरू हुई झमाझम बारिश से शहर के कई इलाके जलमग्न हो गए। नालों का गंदा पानी सड़कों पर बहने लगा और निचले इलाकों में घरों में पानी घुस गया। इस दौरान सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली बच्चों और उनके अभिभावकों को हुई। ट्रैफिक जाम और जलजमाव से लोग जाम में फंस गए। कई स्कूल बसें घंटों जाम में फंसी रहीं, जिससे बच्चे देर से घर पहुंचे। इस वजह से अभिभावक भी बच्चों को लेकर परेशान दिखे। जाम में एंबुलेंस भी फंस गईं। हालांकि ट्रैफिक पुलिस ने एंबुलेंस को कड़ी मशक्कत के बाद रास्ता दिलाया। पूरी स्थिति से निपटने के लिए रांची नगर निगम में सक्रियता दिखाते हुए साथ हुई रिस्पांस टीम (क्यूआरजी) का गठन किया है। कांटाटोली, हरमू, बरियातू, कोकर, लोअर बाजार और लालपुर जैसे इलाकों में जलजमाव के कारण घरों में पानी घुस गया। लोग बाल्टी और पंप के सहारे पानी निकालने में जुटे हैं। वहीं बड़ा तालाब के आसपास तो स्थिति काफी खराब हो गई। पूरा रोड ही जलमग्न हो गया। गाड़ियां आधी डूब गईं। लोग धक्के मारकर गाड़ियां जलजमाव से निकालते नजर आए। वहीं मंदिर में भी नालों का पानी भर गया। सेवा सदन हॉस्पिटल में भी पानी भर जाने से मरीजों को काफी परेशानी झेलनी पड़ी। इसके अलावा कुछ जगहों पर बाउंड्री वॉल गिरने की भी सूचना है।

- कांटाटोली, हरमू, बरियातू, कोकर, लोअर बाजार और लालपुर व अन्य इलाकों के घरों में घुसा पानी
- ट्रैफिक जाम के कारण देर से घर पहुंचे स्कूली बच्चे, अभिभावक रहे परेशान

मशीनों का उपयोग करने का निर्देश

नालियों की सफाई के लिए जेसीबी, सुपर सकर मशीन और डिसिल्टिंग मशीन का प्राथमिकता के आधार पर उपयोग किया जाएगा। लंबे समय से बंद पड़ी नालियों को भी चालू करने का कार्य युद्धस्तर पर किया जाएगा। इसके अलावा नगर निगम के कनेक्ट सेंटर पर आने वाली सभी शिकायतों का तत्काल समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। लोग 18005701235 पर जल जमाव से संबंधित शिकायत दर्ज करा सकते हैं। सभी खुले नालों को स्लैब से ढंकने, खतरनाक नालों पर बैरिकेडिंग और चेतावनी पट्ट लगाने के साथ-साथ, प्रत्येक वार्ड में प्रतिदिन फॉगिंग और एंटी लार्वा दवा का छिड़काव करने के भी निर्देश दिए गए हैं।

नगर प्रशासक ने की बैठक

मॉनसून के साथ ही 24 से 26 जून तक रांची में जारी येलो अलर्ट के मद्देनजर रांची नगर निगम ने तैयारियां तेज कर दी हैं। नगर प्रशासक सुशांत गौरव की अध्यक्षता में नगर निगम पदाधिकारियों और कर्मियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। जिसमें जल जमाव और भारी वर्षा से संभावित नुकसान को लेकर चर्चा हुई। प्रशासक ने निर्देश दिया कि सभी पदाधिकारी और कर्मी 24 घंटे अलर्ट मोड में रहेंगे। जल जमाव की समस्या से त्वरित निपटने के लिए निगम क्षेत्र को सात जोन में बांटकर क्विक रिस्पांस टीम का गठन किया गया है। प्रत्येक टीम में नगर प्रबंधक, सैनिटरी सुपरवाइजर, कनीय अभियंता और वार्ड सुपरवाइजर शामिल होंगे। ये लोग जल जमाव वाले स्थलों का निरीक्षण कर तुरंत कार्रवाई करेंगे।

रांची के तमाड़ में डायरिया से 2 महिलाओं की मौत, 3 रिम्स रेफर

PHOTON NEWS RANCHI : राजधानी से सटे तमाड़ प्रखंड क्षेत्र के जारगो गांव में डायरिया से दो बुजुर्ग महिलाओं की मौत की बात कही जा रही है। जबकि तीन लोगों को इलाज के लिए रिम्स रेफर किया गया है। बताया जा रहा है कि जारगो पंचायत के डोमोडीह और गांगू गांव पिछले कई सप्ताह से डायरिया से ग्रसित है। हालांकि बीडीओ ने डायरिया से मौत होने की बात से इनकार किया है। ग्रामीणों की सूचना पर मेडिकल टीम लगातार गांव में कैंप कर लोगों का इलाज कर रही है। 69 वर्षीय कमला देवी और 60 वर्षीय भदरी देवी की मौत हुई है। जबकि डायरिया के लक्षणों से ग्रसित पानीश्वरी देवी, विश्वनाथ महतो और रेखा देवी को गंभीरावस्था में रिम्स भेजा गया है, जहां तीनों का इलाज चल रहा है।

बुंडू क्षेत्र के आजसू नेता राजकिशोर कुशवाहा ने बताया कि लगातार बारिश के कारण कुंए और तालाबों का पानी दूषित हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि बिना किसी पूर्व चेतावनी के लोग वही पानी पीते रहे हैं, जिससे अचानक बीमारियों का प्रसार हुआ। हालांकि सूचना पर बुंडू प्रशासन ने गांव में स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया है और पानी का सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे गए हैं। बीडीओ के नेतृत्व में मेडिकल टीम भी मौके पर मौजूद है। ग्रसित लोगों का इलाज कर उनका सैंपल लिया गया है, ताकि बीमारी के कारण का पता चल सके।

इधर, बुंडू बीडीओ सावित्री कुमारी ने डायरिया से मौत होने से इंकार किया है। उन्होंने बताया कि जिन दो महिलाओं की मौत हुई है, दोनों पूर्व से बीमार थीं और उसी बीमारी के कारण उनकी मौत हुई है। हालांकि उन्होंने बताया कि तीन अन्य महिलाओं में डायरिया के लक्षण पाए गए, जिन्हें इलाज के लिए रिम्स रेफर किया गया है।

प्लेसमेंट एजेंसी के निदेशकों के ठिकानों पर पहुंची एसीबी, सभी आरोपी फरार

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड में 38 करोड़ के शराब घोटाले में फर्जी बैंक गारंटी देने वाली विजन हॉस्पीटलिटी और मार्शन इनोवेटिव के निदेशक फरार हो गए हैं। झारखंड एसीबी की टीम ने मार्शन के तीन व विजन के चार निदेशकों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट लिया था। एसीबी के नोटिस पर अनुपस्थित रहने वाली कंपनियों के निदेशकों की तलाश में एसीबी की टीम ने महराष्ट्र के ठाणे, मुंबई के साथ-साथ गुजरात के अहमदाबाद में भी छापेमारी की, लेकिन सभी आरोपी फरार मिले। एसीबी ने अपनी जांच में दोनों कंपनियों को प्राथमिकी में आरोपी बनाया था। लेकिन अब दोनों कंपनियों के निदेशकों को अप्राथमिकी अभियुक्त एसीबी ने बना लिया है। जानकारी के मुताबिक, एसीबी की टीम अब छापेमारी कर लौट चुकी है, लेकिन स्थानीय थानों को वारंट की कॉपी दी गई है, ताकि आरोपियों की गिरफ्तारी हो सके। जानिए क्यों आरोपी बने कंपनियों के निदेशक मेसर्स विजन हॉस्पिटलिटी सर्विसेज एंड कंसल्टेंट्स प्राइवेट लिमिटेड मेसर्स विजन हॉस्पिटलिटी सर्विसेज एंड कंसल्टेंट्स प्राइवेट लिमिटेड का चयन हजारीबाग, कोडरमा और चतरा में मानव संसाधन प्रदाता के तौर पर किया गया था। एसीबी ने जांच में महेश सिदगे, बिपिन जाधवभाई परमार, परेभ अभेसिंह ठाकोर, विक्रमसिंह अभिसिंह ठाकोर को दोषी पाया है।

देश के लिए डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने जान की बाजी लगा दी : बाबूलाल

RANCHI : प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक, महान शिक्षाविद, जनसंघ के संस्थापक और पार्टी के करोड़ों कार्यकताओं के प्रेरणा पुरुष डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर सोमवार को भाजपा कार्यकताओं ने बूथ स्तर पर बलिदान दिवस के रूप में मनाया। डॉ मुखर्जी के चित्र,प्रतिमा पर पुष्प,माला अर्पित कर नमन किया और उनके व्यक्तित्व और कृतित्व की चर्चा की। अपने संथाल परगना प्रवास के दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने देवघर परिसदन में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। उन्होंने कहा कि देश की एकता और अखंडता के लिए डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने जान की बाजी लगा दी।

ऑल इंडिया आदिवासी कांग्रेस की बैठक में मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने दिए सुझाव, बोलीं-

आदिवासी परिवारों को जमीन से किया गया बेदखल, लैंड रिकॉर्ड में भी गड़बड़ी

PHOTON NEWS RANCHI : सोमवार को नई दिल्ली स्थित 10 जनपथ में ऑल इंडिया आदिवासी कांग्रेस की अहम बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने की। इस बैठक में मध्य प्रदेश, राजस्थान और झारखंड के आदिवासी विधायक और सांसद शामिल हुए। झारखंड की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने राज्य में आदिवासी समाज से जुड़ी समस्याओं और समाधान पर अपने सुझाव दिए। कृषि मंत्री ने लैंड डिजिटाइजेशन के नाम पर पूर्व की रघुवर दास सरकार द्वारा की गई गड़बड़ियों को उजागर किया।

उन्होंने बताया कि कई आदिवासी परिवारों को उनकी जमीन से बेदखल कर दिया गया और लैंड रिकॉर्ड में भारी गड़बड़ियां की गईं। उन्होंने राज्य में पुनः सर्वेक्षण कराने और ट्राइबल लीगल काउंसिल के गठन का सुझाव दिया, जिससे आदिवासी परिवारों को जमीन से जुड़े मामलों में कानूनी मदद और सलाह मिल सके। तिर्की ने सुझाव दिया कि गांव-गांव में भूमि सुधार से संबंधित कैंप लगाए जाएं, ताकि रिकॉर्ड की त्रुटियों को सुधारा जा सके। साथ ही, उन्होंने जातिगत जनगणना में 'सरना धर्म कॉलम' को शामिल करने की मांग दोहराई।

विकास योजनाओं व शहर में होने वाले आयोजनों पर डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने की बैठक, कहा-

हर स्तर पर रथ यात्रा को लेकर विशेष सतर्कता बरतें अधिकारी

PHOTON NEWS RANCHI : सोमवार को उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने समाहरणालय में पदाधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। इसका उद्देश्य जिले में चल रहीं विकास परियोजनाओं, जनकल्याणकारी योजनाओं और शहर में होने वाले प्रमुख आयोजनों की प्रगति की समीक्षा और समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करना था। इस दौरान उन्होंने पदाधिकारियों को व्यवस्था दुरुस्त करने का निर्देश दिया। साथ ही कहा कि शहर में होने वाले आयोजन खासकर जगन्नाथ रथ यात्रा मेला को लेकर विशेष रूप से सतर्क रहें। बैठक में उप विकास आयुक्त सौरभ कुमार भुवानिया, अपर जिला दंडाधिकारी राजेश्वर नाथ आलोक, अनुमंडल पदाधिकारी सदर उत्कर्ष कुमार सहित सभी प्रमुख विभागों के वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

मैराथन दौड़ की तैयारियों को दें अंतिम रूप : 26 जून को मोरहाबादी मैदान में होने वाली 'नशा मुक्त भारत अभियान' की मैराथन दौड़ को लेकर उपायुक्त ने सभी तैयारियों को अंतिम रूप देने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इस आयोजन से युवाओं में नशामुक्ति के प्रति जागरूकता फैलेगी। इसमें स्कूल, कॉलेजों के छात्रों की भागीदारी सुनिश्चित करने, सुरक्षा प्रबंध, मार्ग निर्धारण और स्वयंसेवकों की तैनाती के निर्देश दिए गए।

रातू रोड फ्लाईओवर के उद्घाटन की तैयारी : उपायुक्त ने 3 जुलाई को प्रस्तावित रातू रोड फ्लाईओवर उद्घाटन के लिए तकनीकी और प्रशासनिक तैयारी पर जोर दिया गया। वहीं, ऐतिहासिक जगन्नाथ रथ यात्रा के सुरक्षित आयोजन हेतु भीड़ प्रबंधन, चिकित्सा सुविधा और सुरक्षा व्यवस्था के निर्देश दिए गए।

अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाने का निर्देश

समाहरणालय भवन के सामने और नेताजी सुभाष चंद्र बोस पार्क के आस-पास अतिक्रमण हटाने का निर्देश जारी किया गया। 100 उद्यमियों को प्रोत्साहन देने की योजना पर चर्चा करते हुए चयन प्रक्रिया और सहायता के बिंदुओं पर स्पष्ट निर्देश दिए गए।

पूर्वी क्षेत्रीय परिषद बैठक को लेकर अलर्ट

10 जुलाई को होटल रेडिसन ब्लू में होने वाली पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक के लिए डीसी ने उच्चस्तरीय व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने कहा कि सावन पर्व के दृष्टिकोण से मेलों में स्वच्छता, चिकित्सा शिविर और श्रद्धालुओं की सुविधा सुनिश्चित करने की जरूरत है। इसके अलावा भारी बारिश से हुए नुकसान का आकलन कर मुआवजे की प्रक्रिया तेज करने का निर्देश दिया गया। अबुआ आवास योजना के तहत लंबित आवासों की समीक्षा कर शीघ्र वितरण का आदेश दिया गया।

बेड़ो प्रखंड कार्यालय में 41 छात्र-छात्राओं को दी गई साइकिल

RANCHI : सोमवार को बेड़ो प्रखंड कार्यालय में राज्य सरकार द्वारा संचालित 'उन्नति का पहिया' योजना के तहत शिक्षा विभाग की ओर से निःशुल्क साइकिल वितरण किया गया। इसके तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए आठवीं कक्षा में अध्ययनरत सामान्य कोटि के 41 छात्र-छात्राओं के बीच प्रमुख विनिता कच्छप, सीओ प्रताप मिंज, प्रखंड अध्यक्ष करमा उरांव व अन्य अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से निःशुल्क साइकिल का वितरण किया गया। मौके पर मौजूद प्रमुख विनीता कच्छप ने कहा कि साइकिल मिलने से दूर-दराज के छात्र-छात्राओं को स्कूल आने-जाने में सहूलियत होगी।

झारखंड और बिहार में ब्राउन शुगर सप्लाई करने वाली 'भाभी' गिरफ्तार

PHOTON NEWS RANCHI : रांची पुलिस ड्रग्स तस्करों पर लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी के तहत आधा दर्जन से अधिक मामलों में फरार ड्रग्स माफिया रूबी देवी उर्फ भाभी को रांची पुलिस ने बिहार के सासाराम रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार किया है। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में गठित टीम ने माफिया रूबी देवी को पकड़ कर सोमवार को रांची लायी। पूछताछ में आरोपी रूबी देवी ने पुलिस को कई अहम जानकारियां दी हैं। पूछताछ में पुलिस को पता चला कि ड्रग्स माफिया भाभी रांची, हजारीबाग, धनबाद, जमशेदपुर, रामगढ़ के अलावा बिहार के कई जिलों में ब्राउन शुगर की सप्लाई करती है। आरोपी भाभी ने पुलिस को बताया कि इस अवैध धंधे में उसका पति, देवर, भाई समेत पूरा परिवार लगा हुआ है। रांची में तकरीबन सभी विक्रेता उससे ही ब्राउन शुगर की खरीदारी करते हैं। पूछताछ के बाद सुखदेवनगर थाने की पुलिस ने आरोपी महिला को सोमवार को जेल भेज दिया है। घर में बनाती है ब्राउन शुगर गिरफ्तार ड्रग्स माफिया भाभी ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि वेलोग घर में ही ब्राउन शुगर बनाते हैं। ब्राउन शुगर बनाने में उनका पूरा परिवार लगा रहता है। इसके अलावा कुछ और लोगों को भी ब्राउन शुगर बनाने के काम में लगाया गया है।

समाचार सार

ओलंपिक दिवस पर चाईबासा में हुई क्रॉस कंट्री रेस

CHAIBASA : अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस पर पश्चिमी सिंहभूम जिला खेल विभाग एवं जिला ओलंपिक एसोसिएशन के तत्वावधान में शनिवार को क्रॉस कंट्री रेस का आयोजन हुआ। इंडोर स्टेडियम में आयोजित रेस के दौरान उपायुक्त चंदन कुमार, चाईबासा सदर के एसडीपीओ बहामन टूटी व जिला खेल पदाधिकारी रूपा रानी तिर्की सहित ओलंपिक एसोसिएशन के पदाधिकारी भी उपस्थित थे। समारोह के दौरान रेस के तीन सर्वश्रेष्ठ विजेता सम्मानित किए गए। इसके अलावा 2024-25 में राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित तीरंदाजी, ताइक्वांडो आदि में मेडल प्राप्त करने वाले और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जिले के खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों को सम्मानित किया गया।

घाटशिला कॉलेज के मेन गेट पर छात्रों ने जड़ा ताला

GHATSILA : झारखंड आदिवासी मूलवासी मंच की घाटशिला कॉलेज कमेटी ने सोमवार को कॉलेज के मेन गेट पर ताला जड़ दिया और विरोध प्रदर्शन करने लगे। इसकी सूचना मिलते ही प्राचार्य डॉ. पीके गुप्ता कॉलेज पहुंचे और छात्रों की समस्या सुनी। उन्होंने जानकारी दी कि उनकी समस्या कोल्हन विश्वविद्यालय के कुलपति को दे दी गई है, जल्द ही समस्या का समाधान होगा। छात्रों ने कहा कि पिछले 15 अप्रैल को समस्या के संबंध में प्राचार्य को लिखित जानकारी दी गई थी, परंतु दो माह बाद भी किसी तरह की पहल नहीं की गई। इससे छात्रों का भविष्य खराब हो रहा है। मंच के अध्यक्ष दुलाल हेंब्रम ने बताया कि स्नातक के तीसरे सेमेस्टर (सत्र 2022-26) की परीक्षा में हिंदी विषय के छात्रों को काफी कम नंबर देकर प्रमोट किया गया है। कॉलेज प्रशासन से मांग है कि कॉपियों की दोबारा जांच कराई जाए। थ्योरी में इतना कम अंक संभव नहीं है। हिंदी के लगभग 200 छात्र इस समस्या से जूझ रहे हैं। कुछ देर बाद पुलिस एवं स्थानीय प्रशासन के हस्तक्षेप के बाद प्राचार्य ने छात्रों को लिखित आश्वासन देते हुए छात्रों का आंदोलन समाप्त कराया। आंदोलन कर रहे छात्रों में रोहित मुखी, प्रतिमा मुर्मू, सोनाली माझी, निशा मुर्मू, सीमा गोराई, ममता महुआ, श्याम मुर्मू, कुईली हांसदा, विकास हेंब्रम सहित काफी संख्या में छात्र शामिल थे।

छात्र-छात्राओं में किया गया साइकिल वितरण

GHATSILA : पूर्वी सिंहभूम जिले के घाटशिला प्रखंड कार्यालय परिसर में सोमवार को विभिन्न विद्यालयों के 51 छात्र-छात्राओं में साइकिल वितरण किया गया। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि जगदीश भकत एवं बीडीओ युनिका शर्मा ने कक्षा आठवीं के छात्र-छात्राओं को उन्नति का पहिया (साइकिल) देते हुए शुभकामना दी। विधायक प्रतिनिधि ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2024-25 का साइकिल शेष रह गया था, जिसका वितरण करने के बाद वित्तीय वर्ष 2025-26 के साइकिल का वितरण किया जाएगा।

भाजपा ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को किया याद

JAMSHEDPUR : भारतीय जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष, प्रखर राष्ट्रवादी डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 72वीं पुण्यतिथि को भाजपा, जमशेदपुर महानगर ने जिला एवं मंडल स्तर पर बलिदान दिवस के रूप में मनाया। सोमवार को साकची स्थित जिला भाजपा कार्यालय में महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में पार्टी के वरीय नेताओं एवं कार्यकताओं ने डॉ. मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। इस दौरान प्रदेश मंत्री नंदजी प्रसाद, पूर्व जिलाध्यक्ष, प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य एवं उपस्थित कार्यकताओं ने भी डॉ. मुखर्जी के बलिदान को स्मरण कर श्रद्धांजलि अर्पित की एवं उनके बताए मार्गों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान कार्यकताओं ने 'डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी अमर रहे', 'जहां हुए बलिदान मुखर्जी वो कश्मीर हमारा है' एवं 'भारत माता की जय' के नारे लगाए।

दो माह में पूर्ण करें हेरिटेज विलेज का निर्माण : उपायुक्त

JAMSHEDPUR : उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने सोमवार को घाटशिला प्रखंड अंतर्गत कशीदा पंचायत में श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूर्बन मिशन के तहत निमार्णाधीन हेरिटेज विलेज का निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त ने कार्य की प्रगति की जानकारी ली एवं निर्माण में हो रही देरी के कारणों को लेकर पदाधिकारियों एवं संवेदक से विस्तार से चर्चा की। उपायुक्त ने संवेदक व संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि अगले दो माह के भीतर अधूरे कार्य पूर्ण कर लिए जाएं, ताकि हेरिटेज विलेज को पर्यटकों के लिए खोला जा सके। उन्होंने कहा कि यह परियोजना न केवल जिले की सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि इससे स्थानीय पर्यटन और रोजगार को भी बल मिलेगा।

सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी के नाम पर ठगी, सैकड़ों युवक हुए शिकार

धनबाद, बोकारो व रामगढ़ समेत कई जिलों के युवकों को कंपनी ने बुलाया था जुबिली पार्क

जुबिली पार्क के साकची गेट पर जुटे ठगी के शिकार युवक ● फोटोन न्यूज

PHOTON NEWS JSR : सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी दिलाने के नाम पर बेरोजगार युवकों के साथ सोमवार को एक बड़ा धोखा हुआ है। रांची की एक कथित कंपनी ने धनबाद, बोकारो, रामगढ़ समेत कई जिलों से युवकों को जमशेदपुर के साकची में जुबिली पार्क में बुलाया, लेकिन तय समय पर कंपनी का कोई प्रतिनिधि नहीं पहुंचा। सोमवार की सुबह 10 बजे सभी युवकों को साकची में रिपोर्ट करने को कहा गया था। युवक समय से पहले ही पहुंच गए, लेकिन शाम 4 बजे तक किसी का अता-पता नहीं था। परेशान युवक यहां-वहां भटकते रहे, लेकिन कंपनी से जुड़ा कोई व्यक्ति मिलने नहीं आया। रामगढ़ से आए रमेश मुर्मू ने बताया कि वह बस से जमशेदपुर आए थे। कुछ युवक ट्रेन से भी पहुंचे थे। लेकिन, जब यहां आए तो पता चला कि यह सब एक छलावा था। युवकों ने बताया कि वे जिस व्यक्ति सोनू के संपर्क में थे, वह अब फोन नहीं उठा रहा है।

सभी युवक मायूस होकर अपने घरों को लौटने लगे। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि इस मामले की जांच हो और दोषियों को सजा मिले, ताकि आगे किसी और के साथ ऐसा धोखा न हो।

कारोबारी से धोखाधड़ी : दो साल से 10 लाख रुपये बकाया, एफआईआर दर्ज

JAMSHEDPUR : बिष्टुपुर थाना क्षेत्र के कमानी सेंटर स्थित एक कार शोरूम से जुड़ा धोखाधड़ी का मामला सामने आया है, जहां ओडिशा के सुंदरगढ़ निवासी एक व्यापारी पर 30.70 लाख रुपये की लग्जरी कार को केवल 20 लाख रुपये में खरीदकर शेष राशि का भुगतान नहीं करने का आरोप लगा है। इस संबंध में शोरूम के संचालक आसिफ रजा ने 22 जून को बिष्टुपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। शिकायत के अनुसार, आरोपी व्यापारी दिलीप टेबरीवाल ने 31 मई 2023 को कार खरीदी थी, जिसकी कुल कीमत 30 लाख 70 हजार रुपये तय हुई थी। आरोपी ने खरीदारी के समय 20 लाख रुपये नकद भुगतान किया और बकाया 10 लाख 70 हजार रुपये कुछ सप्ताह में चुकाने का वादा कर वाहन लेकर चला गया। शिकायतकर्ता आसिफ रजा ने बताया कि दिलीप टेबरीवाल पहले से परिचित था, इसलिए उसने भरोसा कर लिया। लेकिन, दो साल बीत जाने के बाद भी आरोपी ने न तो बकाया राशि का भुगतान किया और न ही कोई संतोषजनक जवाब दिया। आसिफ रजा ने बताया कि उन्होंने बार-बार संपर्क साधने की कोशिश की—फोन, मैसेज और व्यक्तिगत मुलाकात कर हर बार दिलीप टेबरीवाल ने उन्हें टाल दिया। आखिरकार, निराश होकर आसिफ रजा ने कानून का सहारा लिया और बिष्टुपुर थाना में मामला दर्ज कराया। बिष्टुपुर थाना प्रभारी के अनुसार, प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और आरोपी को नोटिस भेजकर पूछताछ के लिए बुलाया जाएगा। प्रारंभिक जांच में धोखाधड़ी की पुष्टि हुई है। पुलिस का कहना है कि यदि आरोपी जांच में सहयोग नहीं करता है, तो गिरफ्तारी की कार्रवाई भी की जा सकती है। यह मामला कारोबारी लेन-देन में भरोसे की टूट और आर्थिक धोखाधड़ी की एक गंभीर मिसाल बन गया है, जिससे दूसरे व्यापारियों को भी सतर्क रहने की आवश्यकता है।

ट्रैवेल एजेंसी पर धोखाधड़ी का आरोप

JAMSHEDPUR : साकची निवासी विजय कुमार चौधरी ने साकची स्थित एक ट्रैवेल एजेंसी पर धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। चौधरी ने कहा कि उन्होंने एजेंसी से 19 जून के लिए दिल्ली से टाटा तक का ट्रेन टिकट बनाने के लिए कहा। वहां के स्टाफ ने पहले दो हजार, फिर एक हजार रुपये मांगे। मैंने गूगल-पे से उसे भुगतान भी कर दिया, लेकिन उसने मुझे टिकट बना कर नहीं दिया। जब मैंने फोन पर बात की तो उसने मुझे बताया की यह मेरा फोन नंबर नहीं है, जबकि मैं उससे उसी नंबर से कई बार बात की थी। इसके बाद पैसा लौटाने की बात पर धमकी देने लगा। चौधरी ने इसकी लिखित शिकायत एसएसपी ऑफिस में की है।

सड़क दुर्घटना में दो युवक गंभीर रूप से हुए घायल

CHAKRADHARPUR : पश्चिमी सिंहभूम जिले के चक्रधरपुर-सोनुवा मुख्य मार्ग पर रांगामाटी के पास सोमवार शाम को सड़क दुर्घटना में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, बांदोडीह के दो युवक लालू सोय और नारायण सवैयां रांगामाटी हाट गए थे। शाम को लौटने के क्रम में कुत्ता आ जाने से बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस दुर्घटना में दोनों को गंभीर चोटें आई हैं। स्थानीय लोगों ने घायलों को इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल, चक्रधरपुर पहुंचाया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने दोनों को बेहतर इलाज के लिए चाईबासा स्थित सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

जंगली मशरूम खाने से एक ही परिवार के 6 लोग हुए बीमार

सभी को शुरू हो गई थी उल्टी और दस्त, एक की हालत गंभीर

PHOTON NEWS CHAIBASA : पश्चिमी सिंहभूम जिले के गोइलकेरा प्रखंड अंतर्गत कुईड़ा गांव में जंगली मशरूम खाने से एक ही परिवार के 6 लोग बीमार हो गए हैं। सभी को इलाज के लिए सोनुवा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, जंगल से मेचो नाग ने मशरूम चुन कर घर लाया। उसे पकाकर खाने के कुछ घंटे बाद ही परिवार के सभी लोगों की तबीयत बिगड़ने लगी। सभी को उल्टी और दस्त शुरू हो गई। इसके बाद सभी छह लोगों को सोनुवा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां सभी का इलाज चल रहा है। इस घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है। प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की टीम भी गांव पहुंचकर स्थिति का जायजा ले रही है। ग्रामीणों से अपील की जा रही है कि वे जंगली मशरूम खाने से पहले उसकी पहचान को लेकर पूरी सतर्कता बरतें। चिकित्सकों ने आशंका जताई है कि परिवार ने जो जंगली मशरूम खाया है, वह जहरीला हो सकता है। झारखंड के ग्रामीण इलाकों में बरसात के मौसम में अक्सर जंगली मशरूम उग जाते हैं, लेकिन कई बार यह पहचानना मुश्किल हो जाता है कि कौन-सा मशरूम खाने योग्य है और कौन-सा जहरीला।

अस्पताल में इलाजरत युवक

ये पड़े बीमार

जंगली मशरूम खाकर बीमार पड़ने के बाद अस्पताल में भर्ती होने वालों में अंशु नाग (19 वर्ष), रोमी नाग (17 वर्ष), मनीषा नाग (22 वर्ष), सुरू नाग (18 वर्ष), मेचो नाग (62 वर्ष) और बुधनी नाग (45 वर्ष) शामिल हैं। इनमें अंशु नाग की स्थिति गंभीर बताई जा रही है।

धारदार हथियार से युवक की हत्या, दो हुए गिरफ्तार

BANDGAON : पश्चिमी सिंहभूम जिला के नक्सल प्रभावित बंदगांव क्षेत्र में 21 जून को एक युवक की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। मृतक शिवलन हपतगड़ा (19) बंदगांव थाना अंतर्गत काईका गांव के बारोडीह टोला निवासी था। कोनसेया जंगल में मिले शव पर कई जगह जख्म हैं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पहुंची। इस संबंध में पोड़ाहाट के डीएसपी शिवम प्रकाश ने बताया कि इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इसमें एक की उम्र 19 वर्ष है जबकि दूसरा नाबालिग है। आरोपी बंदगांव के ही रहने वाले हैं। एक आरोपी पर पहले भी आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज है।

घर में खड़ी थीं बाइकें, शरारती तत्वों ने पार्किंग में लगा दी आग

आगजनी से क्षतिग्रस्त बाइक ● फोटोन न्यूज

JAMSHEDPUR : सिदगोड़ा थाना क्षेत्र के बागुनहातु इलाके में रविवार देर रात शरारती तत्वों ने एक घर की पार्किंग में आग लगा दी। घटना रात करीब 2 बजे की है, जब अधिकतर लोग गहरी नींद में थे। गीता नायक के घर की पार्किंग में खड़ी गाड़ियां और साइकिलें पूरी तरह जलकर खाक हो गईं। बताया जाता है कि आगजनी से पहले उपद्रवियों ने घर पर पत्थरबाजी भी की, जिससे परिजनों की नींद खुल गई। जब वे बाहर निकले, तब तक पार्किंग क्षेत्र में आग फैल चुकी थी। आग की सूचना तुरंत पुलिस और फायर ब्रिगेड को दी गई, लेकिन दमकल की टीम काफी देर से पहुंची, तब तक काफी नुकसान हो चुका था। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह घटना सोची-समझी साजिश का हिस्सा हो सकती है। हैरानी की बात यह है कि घटना के बाद अब तक कोई भी जनप्रतिनिधि पीड़ित परिवार से मिलने नहीं आया है, जिससे इलाके में मुखी समाज के लोगों में नाराजगी है। फायर ब्रिगेड की टीम ने आखिरकार आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक लाखों रुपये की संपत्ति जल चुकी थी।

कदमा में ऑटोमेटिक पिस्टल व देसी कट्टा के साथ युवक गिरफ्तार

पत्रकारों को मामले की जानकारी देते सिटी एसपी कुमार शिवाशीष

JAMSHEDPUR : कदमा थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक युवक को ऑटोमेटिक पिस्टल, दो खाली मैगजीन, चार कारतूस और एक देसी कट्टा के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी हरिकेश पटेल (28) केडी फ्लैट, उलियान का निवासी है। सिटी एसपी कुमार शिवाशीष ने सोमवार को बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि कदमा के फार्म एरिया स्थित टीसी कॉलोनी रोड के पास एक युवक अवैध हथियार लेकर लोगों को डरा-धमका रहा है। इस सूचना के बाद पुलिस अधीक्षक नगर के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई, जिसने हरिकेश पटेल को मौके से घेराबंदी कर पकड़ा।

पूछताछ में हरिकेश ने कबूल किया कि उसने हथियार को बगल के खंडहर क्वार्टर के शौचालय में छिपा रखा है। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने सभी हथियार बरामद किए। हरिकेश पटेल को सोमवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

कार ने रेलवे क्रॉसिंग के सिग्नल पोस्ट में मारी टक्कर

GOILKERA : पश्चिमी सिंहभूम जिले के गोइलकेरा अंतर्गत डालैकेला रेलवे क्रॉसिंग में एक अनियंत्रित कार ने सिग्नल पोस्ट में टक्कर मार दी, जिससे खंभा व कार दोनों क्षतिग्रस्त हो गए। हालांकि, हादसे में कार सवार बाल-बाल बच गए। घटना रविवार देर रात की बताई जा रही है। सूचना मिलने पर सोमवार सुबह रेल सुरक्षा बल के जवानों ने दुर्घटनाग्रस्त कार को जब्त कर लिया। जानकारी के अनुसार, रविवार देर रात चक्रधरपुर से गोइलकेरा की ओर जा रही एक हुंडई आई-10 कार तेज रफ्तार में फाटक के पास लगे सिग्नल के खंभे से टकरा गई। गनीमत रही कि उस समय फाटक बंद था और सड़क पर ट्रैफिक नहीं था। हादसे के बाद कार सवार भाग गए।

प. सिंहभूम के आठ थानेदारों का हुआ ट्रांसफर

CHAIBASA : पश्चिमी सिंहभूम जिले के पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन ने जिले के आठ थानेदारों का ट्रांसफर किया है। चक्रधरपुर, बड़ाजामदा, जगन्नाथपुर, हाटगम्हरिया, जराईकेला, गुदड़ी व टोकलो के थानेदार बदले गए हैं। चक्रधरपुर थाना के थाना प्रभारी राजीव रंजन को चाईबासा स्थित एसपी ऑफिस में तकनीकी शाखा का प्रभारी बनाया गया है।

इसी प्रकार, मनोहरपुर के सर्किल इंस्पेक्टर अवधेश कुमार को चक्रधरपुर का थाना प्रभारी, अवर निरीक्षक विकास कुमार को बड़ाजामदा से जराइकेला में एसआई के रूप में प्रभार दिया गया है। अवर निरीक्षक संजय कुमार सिंह को जगन्नाथपुर से ट्रांसफर करके गुदड़ी, अवर निरीक्षक अशोक कुमार राय को हाटगम्हरिया से टोकलो, अवर निरीक्षक बालेश्वर उरांव को पुलिस केंद्र चाईबासा से बड़ाजामदा ओपी का प्रभारी बनाया गया है। अवर निरीक्षक अविनाश कुमार को पुलिस केंद्र चाईबासा से जगन्नाथपुर, अवर निरीक्षक उत्तम तिवारी को पुलिस पुलिस केंद्र चाईबासा से हाटगम्हरिया का थाना प्रभारी बनाया गया है। सभी को 24 घंटे के अंदर नए स्थान पर योगदान देने का आदेश दिया गया है।

जनता सीधे मुझसे मिले : थाना प्रभारी

चक्रधरपुर थाना के थाना प्रभारी अवधेश कुमार ने सोमवार को पदभार ग्रहण कर लिया। निवर्तमान इंस्पेक्टर राजीव रंजन ने अवधेश कुमार को पदभार सौंपा। इससे पहले अवधेश कुमार मनोहरपुर में सर्किल इंस्पेक्टर के पद पर थे। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने कहा कि उन्होंने आम नागरिकों से अपील की है कि बिचौलियों से सावधान रहें, जनता सीधे उनसे मिले। जनता की सेवा के लिए वे 24 घंटे तत्पर रहेंगे। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार का अवैध परिवहन थाना क्षेत्र में नहीं होने दिया जाएगा। महिलाओं को सुरक्षा दी जाएगी। चक्रधरपुर थाना क्षेत्र को अपराध मुक्त एवं भय मुक्त बनाना उनका प्रयास रहेगा। लॉटरी, ब्राउन शुगर, अवैध शराब का धंधा करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

जमशेदपुर में केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह का झारखंड सरकार पर हमला, प्रेस कांफ्रेंस में कहा-

झारखंड को बंगाल बनाना चाहते हैं हेमंत, ममता बांग्लादेश की राह चलीं

PHOTON NEWS JSR : केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने अपने जमशेदपुर दौरे के दौरान झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार बांग्लादेशी घुसपैठियों को संरक्षण देकर सत्ता चला रही है, जो न सिर्फ राज्य की सुरक्षा के लिए खतरा है बल्कि आदिवासी समुदाय के अस्तित्व के लिए भी नुकसानदेह साबित हो रहा है। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि झारखंड की हेमंत सरकार झारखंड को बंगाल बनाना चाहती है। जबकि, बंगाल की ममता सरकार बंगाल को बांग्लादेश बनाना चाहती हैं। झारखंड वोट बैंक का राज्य बन गया है। यहां बांग्लादेशी और रोहिंग्या आ रहे हैं। यह आदिवासी समाज और सनातन पर कड़ा प्रहार है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हेमंत सोरेन भले ही चुनाव जीत गए हों, मगर वह खामियाजा भुगतेंगे। उन्होंने इसे देश का दुर्भाग्य बताया। केंद्रीय मंत्री ने लोगों से अपील की है कि वे जनजागरण करें। सरकार से पूछें कि जमाई टोला कहां से आया है। रविवार देर रात टाटानगर स्टेशन पहुंचे गिरिराज सिंह का भाजपा कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया।

पटना से वंदेभारत एक्सप्रेस से पहुंचे केंद्रीय मंत्री ने कार्यकताओं के उत्साह का अभिवादन करते हुए कहा कि झारखंड की सरकार राज्य को अंधकार की ओर ले जा रही है।

छात्रों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि केवल डिग्री प्राप्त करना ही महत्वपूर्ण नहीं है, बल्कि आज के युवा रोजगार लेने वाले नहीं रोजगार देने वाले बनें। उन्होंने आई कैन-आई विल... के सिद्धांत पर चलने की प्रेरणा दी और कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत तेजी से शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी बनता जा रहा है।

उन्होंने विश्वास जताया कि भारत शताब्दी वर्ष में प्रवेश करते-करते विश्वगुरु के रूप में स्थापित होगा, जिसमें युवाओं की केंद्रीय भूमिका होगी। केंद्रीय मंत्री ने डिग्री प्राप्त करने वाले सभी छात्रों को शुभकामनाएं दीं और आग्रह किया कि वे अपने जीवन में नेतृत्व, सेवा और नवाचार अपनाएं।



नेताजी सुभाष यूनिवर्सिटी के कार्यक्रम में उपस्थित केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह व अन्य ● फोटोन न्यूज

बिहार में एनडीए सरकार बनने का दावा

मीडिया से बातचीत करते हुए गिरिराज सिंह ने बिहार की राजनीति पर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि वहां एनडीए की सरकार हर हाल में बनेगी। जनता अब तुष्टीकरण और भ्रष्टाचार की राजनीति को पूरी तरह खारिज कर चुकी है। आने वाला समय स्पष्ट करेगा कि जनता किसके साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि जनता गब्बर का जमाना नहीं लाना चाहती। उन्होंने पत्रकारों से पूछा कि शोले देखी है या नहीं। उसमें गब्बर ने तो ठाकुर का सिर्फ हाथ काटा था मगर, बिहार में बहन-बेटियों की अस्मिता चली गई थी। अब जनता ने तय कर लिया है कि बिहार में गब्बर का जमाना नहीं आने देना है।

दीक्षांत समारोह में युवाओं को किया प्रेरित

सोमवार को जमशेदपुर के पोखारी स्थित नेताजी सुभाष विश्वविद्यालय के तीसरे दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में गिरिराज सिंह ने 1700 छात्र-छात्राओं को डिग्री और 120 गोल्ड मेडल विजेताओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति मदन मोहन सिंह, कुलपति डॉ. प्रभात कुमार पाणि, ओडिशा की शैक्षणिक सलाहकार डॉ. शुक्ला मोहंती और कुलसचिव नागेंद्र सिंह भी मौजूद रहे। मंच से संबोधन में गिरिराज सिंह ने शिक्षा के क्षेत्र में विश्वविद्यालय की उपलब्धियों की सराहना की और कुलाधिपति मदन मोहन सिंह को कर्मवीर पुरुष की उपाधि दी।

अलग-अलग मामलों में ब्राउन शुगर के साथ दो हुए गिरफ्तार

JAMSHEDPUR : पूर्वी सिंहभूम जिले में नशा कारोबार पर लगाम कसने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। जिले के उलीडीह और जादूगोड़ा थाना क्षेत्रों में पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल दो लोगों को गिरफ्तार किया है। जबकि, दोनों घटनाओं में शामिल अन्य आरोपी अभी फरार हैं, जिनकी तलाश में पुलिस लगातार दबिश दे रही है। उलीडीह थाना की पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि मुर्दा मैदान इलाके में ब्राउन शुगर की अवैध बिक्री की जा रही है। इस पर 22 जून की शाम थाना प्रभारी के निर्देश पर एक विशेष टीम ने छापेमारी की। मौके से अमन बोयपाई नामक युवक को 35 पुड़िया ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया गया। वहीं, दो अन्य आरोपी सूरज कुंटिया और कतलु अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए। इस संबंध में उलीडीह थाना के एसआई रविंद्र पांडेय के बयान पर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने फरार आरोपियों के संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी शुरू कर दी है। दूसरी कार्रवाई जादूगोड़ा थाना क्षेत्र के दुड़कू गांव में की गई, जहां पुलिस ने छापेमारी कर दिलखुश गोप नामक युवक को 312 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया। पूछताछ में पुलिस को संदेह है कि आरोपी किसी बड़े नेटवर्क का हिस्सा है, जो गांव और आसपास के इलाकों में नशे की आपूर्ति करता है। इस मामले में जादूगोड़ा थाना के एसआई राजेश कुमार मंडल के बयान पर एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। पुलिस फरार सहयोगियों की तलाश में लगातार अभियान चला रही है।

BRIEF NEWS

अवैध नेपाली रुपये के साथ एक भारतीय नागरिक गिरफ्तार

CHAMPARAN : नेपाल के पर्सा जिला मुख्यालय वीरगंज में नेपाल पुलिस ने अवैध नेपाली रुपए के साथ एक भारतीय नागरिक को गिरफ्तार किया है। उक्त भारतीय नागरिक की पहचान बिहार के पूर्वी चंपारण जिला के रक्सौल निवासी प्रभु साह के रूप में हुई है नेपाल पुलिस के अनुसार सोमवार को रजत जयंती चौक के समीप बने चेक पोस्ट पर नियमित जांच के दौरान एक साइकिल सवार को रोका गया। उसकी तलाशी के दौरान उसके पास से 1000 रुपए के 344 नोट और 100 रुपए के 20 नोट बरामद यानी कुल राशि 3 लाख 46 हजार नेपाली रुपए बरामद किये गए।

विदेशी शराब की 22 बोतल बरामद, कारोबारी भागने में रहा कामयाब

ARARIA : फारबिसगंज के चौरा परवाहा वार्ड संख्या तीन में छिपाकर बिक्री के लिए रखे गए पुलिस ने 22 बोतल विदेशी शराब बरामद किया। टाइगर मोबाइल लव कुमार, विकास कुमार और राजू कुमार को सूचना मिली थी कि चौरा परवाहा वार्ड संख्या तीन में सुमन कुमार पिता श्रवण कुमार मंडल अवैध रूप से शराब बिक्री का काम करता है। सूचना के आधार पर गुरुदयाल भगत के जलावन के घर में छिपाकर रखा हुआ प्लास्टिक के तीन अलग अलग बोरा में 22 बोतल विदेशी शराब बरामद किया। सुमन कुमार पिता श्रवण कुमार मंडल पुलिस को देखकर फरार हो गया।

तालाब में डूबकर दो बच्चियों की मौत

BHAGALPUR : बिहार में भागलपुर जिले के नाथनगर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत किशनपुर बाईपास के समीप तालाब में डूबने से दो मासूम बच्चियों की दर्दनाक मौत हो गई। मृत बच्चियों की पहचान 13 वर्षीय सोनाली कुमारी और 12 वर्षीय निशा कुमारी के रूप में हुई है। ग्रामीणों के अनुसार दोनों बच्चियां सुबह गांव के पास स्थित तालाब किनारे बकरी चराने गई थी। इसी दौरान एक बकरी तालाब के किनारे चली गई। जिसे बचाने के क्रम में निशा का पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में गिर गई। निशा को डूबते देख सोनाली ने भी उसे बचाने के लिए पानी में छलांग लगा दी। लेकिन दोनों की जान नहीं बच सकी। घटना की सूचना मिलते ही गांव में कोहराम मच गया।

एक करोड़ की लागत से फारबिसगंज काली मेला ग्राउंड की होगी घेराबंदी

ARARIA : फारबिसगंज नगर परिषद के मुख्य पार्षद वीणा देवी की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में सोमवार को हुई सशक्त स्थायी समिति की बैठक में एक करोड रुपए की लागत से काली मेला ग्राउंड की घेराबंदी को स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में चेयरमैन वीणा देवी, उप मुख्य पार्षद, कार्यपालक पदाधिकारी, सशक्त स्थायी समिति सदस्य, मनोज सिंह, गणेश गुप्ता, प्रभारी कामख्या नारायण सिंह उर्फ कुंदन सिंह मौजूद थे।

लालू ने राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए किया नामांकन

AGENCY PATNA : जनता दल (राजद) के वर्तमान अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव सोमवार को परिवार के साथ राजद ऑफिस पहुंचे, और राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए अपना नामांकन किया। राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने अध्यक्ष पद के लिए औपचारिक रूप से नामांकन दाखिल किया। नामांकन के दौरान राबड़ी देवी, तेजस्वी यादव और तेज प्रताप यादव समेत पूरा लालू परिवार मौजूद रहा। पटना स्थित राजद कार्यालय में नामांकन के लिए भारी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और नेता भी जुटे हुए थे। कार्यालय के बाहर और भीतर 'लालू यादव ज़िंदाबाद' के नारों से माहौल गूंज उठा। लालू प्रसाद यादव के खिलाफ अब तक किसी और ने नामांकन नहीं दाखिल किया है, जिससे यह तय माना जा रहा है कि वे एक बार फिर से राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनेंगे। पार्टी के वरिष्ठ नेता अब्दुल बारी सिद्दीकी ने पहले ही स्पष्ट कर दिया था कि लालू यादव ही अगले अध्यक्ष होंगे। राजद द्वारा आधिकारिक तौर पर घोषणा 5 जुलाई को की जाएगी, उस दिन लालू यादव का जन्मदिन भी है। पार्टी इसे 'लालू सम्मान दिवस' के रूप में भी मनाने की तैयारी कर रही है। नामांकन के मौके पर पूर्व प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह की गैरमौजूदगी ने सियासी अटकलों को जन्म दे दिया है। हाल के दिनों में जगदानंद सिंह और तेजस्वी यादव के बीच मतभेद की खबरें सामने आई थीं। ऐसे में उनका पार्टी कार्यालय में उपस्थित न रहना एक संदेश के रूप में देखा जा रहा है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए अपना नामांकन करते लालू प्रसाद यादव व अन्य

लालू यादव के कृत्य पर भाजपा का विरोध बाबा साहब अंबेडकर का अपमान बर्दाश्त नहीं

AGENCY KATIHAR : राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव द्वारा बाबा साहब अंबेडकर के अपमान के विरोध में भाजपा कार्यकर्ताओं ने अम्बेडकर प्रतिमा के समक्ष सोमवार को धरना प्रदर्शन किया। भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज राय ने तीखे शब्दों में इस घटनाक्रम का विरोध करते हुए कहा कि लालू यादव दलित एवं पिछड़ा विरोधी हैं। भाजपा नेताओं ने कहा कि राजद प्रमुख लालू यादव द्वारा बाबा साहब की तस्वीर को पैर के पास रखने जैसा कृत्य बेहद निंदनीय है और इसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। यह कृत्य बाबा साहब के प्रति उनकी अनादर और अवमानना को दशार्ता है। भाजपा नेताओं ने कहा कि भाजपा ने न सिर्फ बाबा साहब को यथोचित सम्मान किया बल्कि उनके द्वारा दलितों और पिछड़ों के कल्याण की चिंता भी की है। उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ करते हुए कहा कि नीतीश कुमार और नरेंद्र मोदी ने विकास के नए-नए आयाम गढ़ने का काम किया है। भाजपा नेताओं ने बिहार सरकार द्वारा विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन और दिव्यांग पेंशन को 400 रुपये से बढ़ाकर 1100 रुपये करने के निर्णय का स्वागत किया।

धरना-प्रदर्शन करते भाजपा के कार्यकर्ता

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कच्ची दरगाह-बिदुपुर 6 लेन गंगा पुल की दी सौगात, कहा-

राज्य में कृषि व उद्योग सहित अन्य व्यवसायों का तेजी से होगा विकास

AGENCY PATNA : सोमवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना में कच्ची दरगाह से बिदुपुर के बीच बने 6 लेन के गंगा पुल का उद्घाटन किया, जिससे पटना और राघोपुर के बीच सफर आसान हो गया है। इस पुल के बनने से अब राघोपुर के लोगों को साल भर सड़क संपर्क मिलेगा और उत्तर-दक्षिण बिहार के बीच कनेक्टिविटी बेहतर होगी। लोकर्पण के पश्चात मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित 6 लेन गंगा पुल का राघोपुर तक निरीक्षण भी किया।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि कच्ची दरगाह बिदुपुर 6 लेन गंगा पुल के लोकार्पण से राघोपुर दियारा क्षेत्र के लोगों को राजधानी पटना से पूरे वर्ष के लिये सड़क सम्पर्क मिलेगा। इस क्षेत्र में कृषि, उद्योग सहित अन्य व्यवसायों का और तेजी से विकास होगा। आकस्मिक चिकित्सा की स्थिति में मरीजों को भी काफी सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि इससे महात्मा गांधी सेतु पर भी यातायात का भार कम हो गया है। उत्तर और दक्षिण बिहार के सम्पर्क के लिये लोगों को एक और वैकल्पिक मार्ग मिल गया है, जिससे आवागमन और सुगम हो गया है। उन्होंने कहा कि इससे पटना शहर में लगने वाले जाम से भी लोगों को राहत मिलेगी। इस पुल के निर्माण से पटना शहर के बाहर से ही लोग उत्तर बिहार के विभिन्न जगहों पर आसानी के साथ आवागमन कर सकेंगे। पटना के पूर्वी क्षेत्र के लोगों को भी सुगम यातायात का लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि हमलोग राज्य में गुणवत्तापूर्ण सड़कों एवं पुलों का लगातार निर्माण कर आवागमन को सुगम बना रहे हैं। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने दीदारगंज में कच्ची दरगाह बिदुपुर 6 लेन गंगा पुल को जेपी गंगा पथ से जोड़नेवाले निमार्णाधीन लिंक पथ का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जेपी गंगापथ परियोजना को दीदारगंज तक पूरा कर लिया गया है। जेपी गंगापथ की तरफ से आने-जानेवाले वाहनों को कच्ची दरगाह बिदुपुर 6 लेन गंगा पुल से सीधा संपर्क बहाल करने के लिए बचे हुए काम को एक माह में तेजी से पूर्ण किया जाए। उल्लेखनीय है कि पटना जिला अन्तर्गत राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या-30 पर अवस्थित कच्ची दरगाह एवं वैशाली जिला अन्तर्गत राष्ट्रीय उच्च पथ सख्या-103 पर अवस्थित बिदुपुर के बीच गंगा नदी पर कुल 19.76 किलोमीटर लम्बाई के 6 लेन ग्रीन फील्ड पुल परियोजना का निर्माण किया जा रहा है। इसके अन्तर्गत 9.76 किमी लम्बा पुल तथा 10 किमी लम्बा पहुंच पथों का निर्माण कार्य होना है। इस परियोजना की कुल लागत 4 हजार 988 करोड़ रुपए है। प्रथम चरण में कच्ची दरगाह, पटना से राघोपुर दियारा, वैशाली (कुल लम्बाई 4.57 किमी) का काम पूरा हो चुका है। इस कार्य के पूर्ण होने से राघोपुर दियारा क्षेत्र के लोगों को राजधानी पटना से पूरे वर्ष के लिए सड़क सम्पर्क मिल जाएगा। पूर्व में राघोपुर क्षेत्र में नाव से ही आवागमन सम्भव हो पाता था। द्वितीय चरण में हाजीपुर-महनार पथ से चकसिकन्दर तक तथा तृतीय चरण में राघोपुर दियारा से हाजीपुर-महनार पथ का निर्माण किया जा रहा है। अब तक परियोजना की वर्तमान प्रगति 85 प्रतिशत है तथा शेष कार्य को तेजी से पूरा किया जा रहा है।

कच्ची दरगाह से बिदुपुर के बीच बनी 6 लेन गंगा पुल के उद्घाटन के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार व अन्य

मुख्य सचिव ने किया 'ई-ऑफिस यूजर मैनुअल' का विमोचन

AGENCY PATNA : बिहार सरकार के मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने आज मुख्य सचिवालय सभा कक्ष, पुराना सचिवालय, पटना में 'ई-ऑफिस यूजर मैनुअल' का औपचारिक विमोचन किया।

इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग डॉ बी राजेन्दर, बीपार्ड की अपर महानिदेशक डॉ सफीना एएन और सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग रचना पाटिल सहित अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। 'ई-ऑफिस यूजर मैनुअल' का प्रकाशन राज्य में प्रशासनिक प्रक्रियाओं को और अधिक पारदर्शी, त्वरित और उत्तरदायी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

इस अवसर पर मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने कहा, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार सरकार पारदर्शिता एवं त्वरित प्रशासनिक प्रक्रिया के लिए निरंतर प्रयासरत है। 'ई-ऑफिस' प्रणाली एक अनूठा कदम है, जिससे फाइलों का निपटारा तेजी से और पारदर्शिता के साथ संभव होगा। हमारा उद्देश्य है कि प्रशासनिक कार्यों में तकनीक का अधिकतम उपयोग हो और जनता को त्वरित सेवाएं मिलें।

उन्होंने आगे कहा कि यह प्रणाली बिहार सरकार की सुशासन की प्रतिबद्धता को और मजबूत करेगी तथा सभी विभागों में कार्यकुशलता और जवाबदेही को बढ़ावा देगी।

बिहार सरकार लगातार प्रशासनिक सुधारों और तकनीकी नवाचारों के माध्यम से जनता को बेहतर सेवाएं देने के लिए संकल्पबद्ध है।'ई-ऑफिस' प्रणाली राज्य में सुशासन की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगी।

जीविका बीपीएम की प्रताड़ना से तंग कैडरों ने उच्च अधिकारियों को भेजा पत्र

AGENCY NALANDA : जिले में चंडी प्रखंड अंतर्गत जीविका कैडरों ने बीपीएम (ब्लॉक प्रोजेक्ट मैनेजर) जितेन्द्र कुमार चौरसिया के खिलाफ एकजुट होकर गंभीर आरोप लगाए हैं। कैडरों का कहना है कि बीपीएम द्वारा उनके साथ लगातार मानसिक आर्थिक और व्यवहारिक प्रताड़ना की जा रही है। बीपीएम द्वारा बार-बार नौकरी से हटाने की धमकी अभद्र भाषा का प्रयोग और प्रदत्त शक्तियों का दुरुपयोग किया जा रहा है जिससे कई कैडरों को मजबूर होकर नौकरी छोड़नी पड़ेगी। आरोप है कि बीपीएम ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए कुछ कैडरों को अनुचित तरीके से निष्कासित भी कर दिया है। इसके साथ ही दीदी की रसोई योजना में कार्यरत महिलाओं को भी बीपीएम द्वारा परेशान किया गया है। महिला कैडरों ने बताया कि जब वे देर रात ड्यूटी कर घर लौटती हैं,तो रास्ते में उनके झोले की तलाशी ली जाती है गाली-गलौज की जाती है और उन्हें सार्वजनिक रूप से अपमानित किया जाता है। इससे उनका आत्म-सम्मान आहत हुआ है। कैडरों ने सामूहिक रूप से एक पत्र तैयार कर उच्च अधिकारियों को ईमेल के माध्यम से भेजा है जिसमें इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की गई है। उन्होंने यह भी चेतावनी दी है कि अगर ईमेल के माध्यम से कार्रवाई नहीं होती है तो वे स्वयं लिखित आवेदन लेकर संबंधित कार्यालयों में पहुंचकर न्याय की मांग करेंगें।

वार्ड सदस्य के पति पर चाकू से जानलेवा हमला

BHAGALPUR : जिले के नाथनगर थाना क्षेत्र स्थित भतौरिया गांव में सोमवार को जन वितरण प्रणाली में गड़बड़ी का विरोध करना एक व्यक्ति को भारी पड़ गया। गांव निवासी अमर कुमार मंडल उर्फ उपेंद्र मंडल पर मित्तल मंडल नामक युवक ने चाकू और अस्तुरा से जानलेवा हमला कर दिया। घायल उपेंद्र मंडल ने बताया कि उनकी पत्नी वार्ड सदस्य हैं और मित्तल मंडल जन वितरण प्रणाली का दुकानदार है। मित्तल द्वारा लाभुकों को सही तरीके से अनाज नहीं दिए जाने का उन्होंने विरोध किया था। इसकी शिकायत उन्होंने जिलाधिकारी से की थी। जिसके बाद मित्तल मंडल का लाइसेंस रद्द कर दिया गया। उपेंद्र मंडल का आरोप है कि इसी रंजिश में आज सुबह जब वे टहलने निकले तभी पहले से घात लगाए मित्तल मंडल ने उन पर चाकू और अस्तुरा से हमला कर दिया।

प्रेमी के साथ मिलकर पत्नी ने पति को उतारा मौत के घाट, हत्या में शामिल तीन आरोपी गिरफ्तार

AGENCY DEHRI-ON-SONE : डेहरी नगर थाना के ईदगाह मोहल्ला में रविवार आधी रात के बाद प्रेमी, प्रेमिका ने मिल पति की गला दबाकर हत्या कर दिया।

पुलिस ने एक घण्टे के अन्दर घटना में संलिप्त एक महिला सहित तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। एसपी रौशन कुमार के अनुसार लगभग रात्रि दो बजे डेहरी को सूचना प्राप्त हुई कि थानाक्षेत्र के इदगाह मोहल्ले में रेशमा खातुन के द्वारा दो व्यक्तियों के साथ मिलकर अपने पति मो अशरफ को गला दबाकर हत्या कर दिया गया है। सूचना के आलोक में थानाध्यक्ष, डिहरी नगर एवं डायल-112 की टीम शीघ्रता से घटनास्थल पर पहुँच गयी। जहाँ पुलिस बल को देखकर एक व्यक्ति घर की छत से कूदकर एवं एक अन्य व्यक्ति घर की दरवाजे से तेजी से निकल कर भागने का प्रयास करने लगा। जिसे पुलिस बल के द्वारा पकड़ कर अभिरक्षा में लिया गया ।जिसके उपरांत घर की तलाशी ली गयी तो घर के कमरे से मो अशरफ का शव बरामद किया गया। घटना के संबंध में घर में मौजूद मृतक अशरफ के परिजनों से पूछताछ की गयी तो उनके द्वारा इस घटना में मृतक की पत्नी रेशमा खातुन की भी संलिप्तता बतायी गयी ।जिसके उपरांत रेशमा खातुन को भी गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार इश्तेखार हसन , जमशेद व मृतक की पत्नी रेशमा खातुन से घटना के संबंध में पूछताछ की गयी । घटना का खुलासा करते हुए बताया गया कि इनलोगों के द्वारा ही अशरफ को गला दबाकर हत्या की गयी है। उन्होंने बताया कि इश्तेखार हसन से पूछताछ करने पर बताया गया कि इनका मृतक की पत्नी रेशमा खातुन के साथ विगत आठ-नौ वर्षों से प्रेम प्रसंग चल रहा था। जिसकी जानकारी जब रेशमा खातुन के पति मृतक अशरफ को हुई तो उसने इस बात को अपने परिजनों को भी बता दिया ।जिसके कारण सभी लोग रेशमा खातुन को भला बूरा कहने लगे। इसी बात को लेकर मृतक की पत्नी रेशमा खातुन ने इश्तेखार हसन के साथ मिलकर एक सप्ताह पूर्व में हीं अशरफ की हत्या करने की योजना बनायी थी। इश्तेखार हसन जो कि वर्तमान में कलकत्ता में रह रहा था अपने वहीं का एक दोस्त जमशेद को साथ लेकर रविवार रात यहां आया।

बाल श्रम और बच्चों की ट्रैफिकिंग से जुड़े नेटवर्क के खिलाफ चलाए गए अभियान का आया नतीजा

बाल मजदूरों को मुक्त कराने में दूसरे स्थान पर रहा बिहार

AGENCY PATNA : बाल श्रम और बच्चों की ट्रैफिकिंग से जुड़े नेटवर्क के खिलाफ चलाए गए अभियानों में वर्ष 2024-25 में बाल मजदूरों को मुक्त कराने के मामले में बिहार देश में दूसरे स्थान पर रहा। बाल अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए नागरिक समाज संगठनों के देश के सबसे बड़े नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) के सहयोगी संगठनों ने इस दौरान कुल 53,651 बाल मजदूरों को मुक्त कराया। जिसमें 3,974 बच्चे बिहार से छुड़ाए गए। बाल मजदूरों को मुक्त कराने में तेलंगाना शीर्ष पर रहा जहां 11,063 बच्चे छुड़ाए गए। जेआरसी के सहयोगी संगठन इंडिया चाइल्ड प्रोटेक्शन के शोध प्रभाग सेंटर फॉर लीगल एक्शन एंड बिहेवियर चेंज (सी-लैब) की बाल श्रम के संबंध में एक रिपोर्ट 'बिल्डिंग द केस फॉर जीरो : हाउ प्रासीक्यूशन एक्ट्स ऐज टिपिंग प्वाइंट टू इंड चाइल्ड लेबर' में उजागर हुए, रिपोर्ट के अनुसार मुक्त कराए गए बच्चों में 90 प्रतिशत उन क्षेत्रों में काम कर रहे थे, जिन्हें अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन व भारत सरकार बाल मजदूरी का सबसे बदतरीन स्वरूप मानती है। इन छापों के बाद 38,388 मामले दर्ज किए गए और 5,809 गिरफ्तारियां हुईं। इनमें 85 प्रतिशत गिरफ्तारियां बाल मजदूरी के मामलों में हुईं। यह रिपोर्ट 1 अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 के बीच देश के 24 राज्यों व केंद्र शासित क्षेत्रों के 418 जिलों में काम कर रहे जेआरसी के 250 से भी ज्यादा सहयोगी संगठनों के बाल श्रम और ट्रैफिकिंग के शिकार बच्चों को मुक्त कराने के लिए की गई छापामार कार्रवाई के आंकड़ों पर आधारित है। रिपोर्ट में समग्र नीतिगत बदलावों, सरकारी खरीदों में बाल श्रम का इस्तेमाल कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति, खतरनाक उद्योगों की सूची के विस्तार, राज्यों को उनकी विशेष जरूरतों के हिसाब से नीतियां बनाने, बाल मजदूरी के खात्मे के लिए सतत विकास लक्ष्य 8.7 की समय सीमा को 2030 तक बढ़ाने, दोषियों के खिलाफ सख्त व त्वरित कानूनी कार्रवाई की सिफारिश की गई है। रिपोर्ट के अनुसार, इस दौरान सबसे ज्यादा तेलंगाना में 7,632 छापे मारे गए जबकि इसके बाद उत्तर प्रदेश (2,469), राजस्थान (2,453) और मध्यप्रदेश (2,335) रहे। यह दशार्ता है कि देशभर में चलाए गए बाल मजदूरी विरोधी अभियान प्रभावी रहे हैं, लेकिन स्थायी बदलाव तभी आएगा जब कानून का डर और जवाबदेही सुनिश्चित की जाए।

2024-25 में छुड़ाए गए 3974 बच्चे

जांच के दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से डाक्टर समेत 5 कर्मी मिले गायब

BAGHA : अनुमण्डल पदाधिकारी, बगहा ने सोमवार को साढे गयारह बजे दिन में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, पतिलार (अतिरिक्त) का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी ने डा अवनीश ध्वज सिंह, अमरेश कुमार प्रखण्ड स्वास्थ्य प्रबंधक, अरविन्द कुमार लेखापाल, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, पतिलार (अतिरिक्त), दुर्गेश कुमार, लिपिक, मुनिन्द्र कुमार सिंह कार्यालय परिचारी एवं नितेश कुमार कार्यालय परिचारी सभी उक्त अनुपस्थित पाये गये।सभी से स्पष्टीकरण की मांग करते हुए आज का वेतन स्थगित करने की कार्रवाई एसडीएम ने की है। अनुमण्डल पदाधिकारी ने लेवर रूम (प्रसव कक्ष) का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में पूरी तरह से गंदगी फैली हुई थी, बेड पर भी चादर नहीं लगाया गया था।

जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को दी गई श्रद्धांजलि

AGENCY NAVADA : महान शिक्षाविद, प्रखर राष्ट्रवादी विचारक, भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर सोमवार को भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल मेहता के नेतृत्व में भाजपा कार्यकताओं ने उनके चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित किया।

जिलाध्यक्ष अनिल मेहता ने उन्हें सांस्कृतिक राष्ट्रवाद का पुरोधा बताते हुए कहा कि डॉ. मुखर्जी ने जम्मू-कश्मीर और पश्चिम बंगाल को भारत का अभिन्न हिस्सा बनाए रखने के लिए आजीवन संघर्ष किया। उन्होंने जनसंघ की स्थापना कर वैकल्पिक राजनीतिक विचारधारा प्रस्तुत की, जो आज भाजपा के रूप में देश की सबसे बड़ी पार्टी बनी है। उनके बलिदान को मोदी सरकार ने धारा 370 को हटाकर सच्ची श्रद्धांजलि दी है। वारिसलीगंज की विधायिका अरुणा देवी ने कहा कि डॉ. मुखर्जी का चिंतन सिर्फ कश्मीर तक सीमित नहीं था, बल्कि शिक्षा, भाषा, लघु उद्योग और राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे विषयों पर भी उनका दृष्टिकोण अद्वितीय था। यह सब सफर भारतीय जनता पार्टी के सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि देते हुए उनके बलिदानों को आप साथ करने का संकल्प लिया है।

गैरसरकारी संगठनों को भी निभानी होगी बड़ी भूमिका

केंद्र सरकार द्वारा विकसित कृषि संकल्प अभियान के माध्यम से जिस तरह से देश के कोने-कोने में किसानों तक पहुंचने का प्रयास किया गया है और जिस तरह से खेती और उससे जुड़ी किसानों से संबंधित जानकारी को साझा किया गया है, यह इस मायने में महत्वपूर्ण हो जाता है कि अन्नदाता की खुशहाली में ही देश की खुशहाली संभव है। सरकार के साथ ही खेती किसानी क्षेत्र में जुड़े गैरसरकारी संगठन भी आगे आते हैं, तो अन्नदाता की खुशहाली की और अधिक तेजी से राह प्रशस्त होगी। हालांकि मिशन फार्मर साइंटिस्ट परिवार जैसे संगठन नवाचारी किसानों के नवाचारों को पहचान दिलाने और किसानों के हित में लगातार प्रयासरत है। इसमें कोई दो राय नहीं कि चुनावों के समय सभी राजनीतिक दलों के केंद्र में किसान ही रहता है और किसानों के लिए लोकलुभावन वादों की बरसात कर दी जाती है, पर कभी इस बात को गंभीरता से नहीं समझा गया कि किसान का भला कर्ज माफी से नहीं हो सकता। किसान का भला चंद मिनी किट वितरण से नहीं हो सकता। दरअसल, अन्नदाता और खेती किसानी का भला किसान के खेत को ही प्रयोगशाला बनाने से संभव होगा तो किसानों को उनकी मेहनत का पूरा पैसा दिलाने से संभव होगा। कैसी विडंबना है कि छोटी से छोटी वस्तु का उत्पादनकर्ता अपनी वस्तु को बेचने का दाम खुद तय करता है, वहीं दूसरी और अन्नदाता जो अपने खून- पसीने से सबका पेट ही नहीं भरता, बल्कि इससे भी अधिक यह कि देश की अर्थ व्यवस्था को गति देने का प्रमुख कारक भी है। इस सबके बावजूद किसान को अपनी उपज औने-औने भावों में बेचने को मजबूर होना पड़ता है। उसकी मेहनत का फल बिचौलियों को चला जाता है। टमाटर इसका सबसे बड़ा उदाहरण माना जा सकता है, जो कभी अन्नदाता को रुलाता है, तो कभी आमजन को, पर कभी भी किसी मंडी के आढ़तिए को रुलाते नहीं देखा होगा। यहां तक देखने को मिलता है कि अन्नदाता को लागत तो दूर मंडी में ले जाने तक के खर्च की राश भी नहीं मिल पाती है। टमाटर तो एक उदाहरण मात्र है। इसमें कोई दो राय नहीं कि पिछले 11 साल में किसानों के हित में बड़े और लाभकारी निर्णय किए गए हैं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि या फसल बीमा जैसी योजनाएं और फसल की बुवाई से पहले ही न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा निश्चित रुप से सराहनीय पहल है। हालिया 15 दिन का विकसित कृषि संकल्प अभियान को भी निश्चित रुप से सराहनीय पहल माना जा सकता है। इस सबके बीच सवाल यह भी उठता है कि देश में बहुत से प्रगतिशील और अपने बल-बूते पर खेती के क्षेत्र में नवाचारों को फलीभूत कर रहे हैं, उनको प्रोत्साहित करने के प्रयास भी होने चाहिए। हालांकि कृषि पत्रकार और मिशन फार्मर साइंटिस्ट परिवार के माध्यम से लगातार ऐसे कर्मयोगी किसानों को आगे लाने, प्रोत्साहित करने और उनके प्रयोग को अन्य किसानों के सामने के समग्र प्रयास डॉ. महेंद्र मधुप जैसे कर्मयोगी द्वारा लगातार किए जा रहे हैं। डॉ. मधुप 2017 से इस मॉडल को किसान वैज्ञानिकों की जीवनशैली में उतारकर, देश-विदेश में उनकी पहचान को विस्तारित करने में जुटे हैं, इसे सकारात्मक पहल माना जा सकता है। देश का मीडिया भी इसे लेकर गंभीर है और यही कारण है कि प्रमुख मीडिया ग्रुप किसानों से संबंधित जानकारियों का समावेश करते हुए नियतकालीन परिषिष्ट प्रकाशित कर रहे हैं। डॉ. मधुप जैसे ही खेती किसानी के क्षेत्र में कार्य कर रहे गैरसरकारी को भी आगे आना चाहिए और जो तथाकथित किसान हितैषी बने हुए हैं, उन्हें भी ऐसे कर्मयोगी किसानों के नवाचारों को प्रमुखता देनी चाहिए। कोरोना काल का उदाहरण हमारे सामने हैं। जब समूचे विश्व में सब कुछ बंद हो गया तो सबसे बड़ा सहारा कृषि क्षेत्र ही बनकर आया। किसानों की मेहनत से भरे अन्न धन इस संकट के समय में बड़ा सहारा बने। सरकारें अपने नागरिकों को आसानी से खाद्य सामग्री उपलब्ध करा सकी। आज भी देश दुनिया में खाद्य संकट से जूझने में अन्नदाता की मेहनत ही काम आ रही है। कर्जमाफी की यहां इसलिए चर्चा करना जरूरी हो जाता है कि कर्जमाफी की राशि जितनी राशि के कृषि इनपुट यानी कि खाद-बीज कीटनाशक किसानों को उपलब्ध करा दी जाए तो इस राशि का वास्तव में खेती किसानी क्षेत्र में उत्पादकता के रूप में उपयोग हो सकेगा। कर्जमाफी को इस तरह से समझना होगा कि किसान भी यह समझने लगा है कि चुनाव आने पर कर्ज तो माफ होना ही है, ऐसे में कर्ज चुकाना ही क्यों। दूसरा यह कि सरकार की कर्जमाफी का बोझ तो उठाना ही पड़ता है, पर फिर भी वह ना तो किसानों को ही संतुष्ट कर पाती है और ना ही यह राशि किसानों के काम आ पाती है। ऐसे में सरकार को ब्याज अनुदान या इस तरह के अनुदान पर होने वाले व्यय को किसानों को इनुपट के रुप में उपलब्ध कराने पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। इससे एक तो इनपुट खेती में ही काम आएगा और इनपुट की गुणवत्ता पर ध्यान दिया गया तो खेती किसानी में उत्पादकता बढ़ेगी और इसका लाभ देश को ही प्राप्त होगा। देश में अन्नधन के भंडार भरेंगे। आयात पर निर्भरता कम होगी और निर्यात को बढ़ावा मिलेगा। सरकार के 15 दिवसीय संवाद को अच्छी पहल माना जा सकता है और इस तरह के अभियान खरीफ और रबी दोनों ही फसलों की बुवाई से पहले चलाया जाएं तो निश्चित रुप से देश को लाभ होगा। इसके साथ ही इस तरह के अभियान के दौरान खेती क्षेत्र की अनुदान राशि के एक बड़े हिस्से को इनपुट वितरण के रुप में उपयोग होगा तो यह किसानों के लिए वास्तविक लाभकारी होगा। कृषि क्षेत्र से जुड़े मिशन फार्मर साइंटिस्ट परिवार जैसे संगठनों को भी इससे जोड़ा जाना चाहिए। इसके साथ ही क्षेत्र के नवाचारी किसानों को प्रोत्साहित, सम्मानित और उनके अनुभवों को साझा करने के समन्वित प्रयास किए जाने चाहिए।

पवन ऊर्जा क्षेत्र और तीन प्रमुख चुनौतियां

ANALYSIS

मुकुंद

नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के तत्वावधान में बेंगलुरु में आयोजित कार्यक्रम में केंद्र और राज्य सरकार के प्राधिकरणों, डिस्कॉम, सीपीएसयू, पवन उद्योग, शिक्षाविदों, प्रमुख विचारकों, प्रमुख हितधारकों आदि की भागीदारी से देश में पवन ऊर्जा विकास की प्रगति सहित प्रमुख पहलुओं पर चर्चा की गई। इस कार्यक्रम में पवन स्वतंत्र विद्युत उत्पादक संघ (डब्ल्यूआईपीपीए), भारतीय पवन टरबाइन निमार्ता संघ (आईडब्ल्यूटीएमए) और भारतीय पवन ऊर्जा संघ (आईडब्ल्यूपीए) का भी सहयोग रहा। केंद्रीय मंत्री जोशी ने कार्यक्रम में मौजूद हितधारकों को संबोधित किया। उन्होंने सभी को आश्वस्त किया कि पवन ऊर्जा नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र के लिए भारत की रणनीति के केंद्र में है। जोशी ने कहा कि वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनने के लिए भारत को ऊर्जा की अधिक आवश्यकता है, चाहे वह सौर ऊर्जा हो, पवन ऊर्जा हो या ऊर्जा का कोई अन्य स्वरूप हो। कार्यक्रम में जोशी ने यह कहकर चिंता कम की कि भारत के राष्ट्रीय लक्ष्य महत्वाकांक्षी और स्पष्ट हैं। वर्ष 2030 तक हमारी बिजली क्षमता का 50 प्रतिशत हिस्सा गैर-जीवाश्म ईंधन स्रोतों से होगा। वर्ष 2070 तक भारत शून्य कार्बन उत्सर्जन वाला देश बन जाएगा। इन लक्ष्यों को प्राप्त करने के में पवन ऊर्जा की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होगी।

देश में बिना बाधा के बिजली आपूर्ति में पवन ऊर्जा का महत्वपूर्ण योगदान हो सकता है। इस दिशा में मोदी सरकार पूरी ईमानदारी से प्रयासरत है। सरकार मानती है कि इस क्षेत्र में कई चुनौतियां हैं। इनसे पार पाने के बाद ही स्थिति में क्रांतिकारी परिवर्तन आ सकता है। केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊजार्मंत्री प्रह्लाद जोशी ने 15 जून को बेंगलुरु में वैश्विक पवन ऊर्जा दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में पवन ऊर्जा क्षेत्र के लिए तीन चुनौतियों को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि सबसे पहले, हमें 24 घंटे बिजली और ग्रिड स्थिरता प्रदान करने के लिए पवन को सौर और भंडारण (बीईएसएस) के साथ जोड़ना होगा। दूसरा, शुल्क प्रतिस्पर्धी होना चाहिए। 3.90 रुपये प्रति यूनिट की दर बहुत अधिक है। हमें लागत कम करने के लिए मिलकर काम करना होगा। तीसरा, घरेलू विनिर्माण को और अधिक कुशल बनना होगा। साथ ही अपने लक्ष्यों को पूरा करने के साथ निर्यात को प्रोत्साहन भी देना होगा। वैश्विक पवन ऊर्जा दिवस पर आयोजित सम्मेलन के संदर्भ में भारत सरकार के पत्र एवं सूचना कार्यालय (पीआईबी) की विज्ञप्ति में कहा गया है कि केंद्र सरकार के निरंतर नीतिगत समर्थन से पवन ऊर्जा क्षेत्र ने पर्याप्त वृद्धि प्रदर्शित की है। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के तत्वावधान में बेंगलुरु में आयोजित कार्यक्रम में केंद्र और राज्य सरकार के प्राधिकरणों, डिस्कॉम, सीपीएसयू, पवन उद्योग, शिक्षाविदों, प्रमुख विचारकों, प्रमुख हितधारकों आदि की भागीदारी से देश में पवन ऊर्जा विकास की प्रगति सहित प्रमुख पहलुओं पर चर्चा की गई। इस कार्यक्रम में पवन स्वतंत्र विद्युत उत्पादक संघ (डब्ल्यूआईपीपीए), भारतीय पवन टरबाइन निमार्ता संघ (आईडब्ल्यूटीएमए) और भारतीय पवन ऊर्जा संघ (आईडब्ल्यूपीए) का भी सहयोग रहा। केंद्रीय मंत्री जोशी ने कार्यक्रम में मौजूद हितधारकों को संबोधित किया। उन्होंने सभी को आश्वस्त किया कि पवन ऊर्जा नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र के लिए भारत की रणनीति के केंद्र में है। जोशी ने कहा कि वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनने के लिए भारत को ऊर्जा की अधिक आवश्यकता है, चाहे

वह सौर ऊर्जा हो, पवन ऊर्जा हो या ऊर्जा का कोई अन्य स्वरूप हो। कार्यक्रम में जोशी ने यह कहकर चिंता कम की कि भारत के राष्ट्रीय लक्ष्य महत्वाकांक्षी और स्पष्ट हैं। वर्ष 2030 तक हमारी बिजली क्षमता का 50 प्रतिशत हिस्सा गैर-जीवाश्म ईंधन स्रोतों से होगा। वर्ष 2070 तक भारत शून्य कार्बन उत्सर्जन वाला देश बन जाएगा। इन लक्ष्यों को प्राप्त करने के में पवन ऊर्जा की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होगी। पवन ऊर्जा अक्षय ऊर्जा रणनीति का घटक नहीं है, लेकिन यह इसके दिल में है और आत्मनिर्भर भारत के केंद्र में है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमें विनिर्माण के लिए अक्षय ऊर्जा और घरेलू खपत के लिए पारंपरिक ऊर्जा' का एक दृष्टिकोण दिया है। हम उसी दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। प्रधानमंत्री का दृष्टिकोण अक्षय ऊर्जा उत्पादन, भंडारण और उपयोग के महत्व पर बल देता है, ताकि जब भारत निकट भविष्य में वैश्विक विनिर्माण केंद्र बन जाए, तो वह अक्षय ऊर्जा स्रोतों के माध्यम से विनिर्माण क्षेत्र की ऊर्जा मांगों को पूरा करने में सक्षम हो सके। जोशी ने कहा कि भारत में अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं, क्योंकि इसकी विश्व स्तर पर चौथी सबसे बड़ी पवन ऊर्जा स्थापित क्षमता है और यह तीसरा सबसे बड़ा अक्षय ऊर्जा उत्पादक है। उन्होंने कहा कि किसी ने नहीं सोचा था कि भारत 10 वर्ष में अक्षय ऊर्जा का तीसरा सबसे बड़ा उत्पादक बन जाएगा, लेकिन आज यह एक वास्तविकता है। सरकार इस क्षेत्र को पूरी गंभीरता से सहायता प्रदान कर रही है। इस वर्ष अक्षय ऊर्जा बजट में 53 प्रतिशत यानी 26,549 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई है। इसमें से एक बड़ा हिस्सा पवन ऊर्जा को दिया गया है। उन्होंने कहा कि नवीकरणीय ऊर्जा उपयोग की ओर संक्रमण अपरिहार्य है। राज्यों को इस संक्रमण का नेतृत्व करना चाहिए। भूमि की उपलब्धता और पारेषण में देरी को दूर करना होगा। यह संकोच का समय नहीं है, यह कार्यान्वयन का समय है। उन्होंने कहा कि यह गर्व की बात है कि भारत 225 किलोवाट से लेकर 5.2 मेगावाट तक की क्षमता वाले पवन टर्बाइनों का निर्माण कर रहा है। इसमें 14 कंपनियां 33 मॉडल तैयार कर रही हैं। यह टर्बाइन हमारी घरेलू आवश्यकताओं को पूरा करते हैं और वैश्विक स्तर पर लागत-प्रतिस्पर्धी भी हैं। जोशी का मानना है कि राष्ट्रीय पवन ऊर्जा क्षमता का पूरी तरह से उपयोग करने के लिए समन्वित राष्ट्रीय प्रयास की आवश्यकता होगी। इसलिए हम पांच प्राथमिकताओं पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। इसके तहत मध्य प्रदेश, तेलंगाना और ओडिशा जैसे नए राज्यों में विस्तार किया जाएगा। गुजरात और तमिलनाडु में चार गीगावाट के लीजिंग क्षेत्रों की पहचान की जाएगी। भंडारण से जुड़े व्यावसायिक मॉडलों के माध्यम से चौबीसों घंटे चलने वाली और दृढ़ हरित ऊर्जा रणनीतियों में पवन ऊर्जा को एकीकृत किया जाएगा। ग्रिड का आधुनिकीकरण किया जाएगा। परिवर्तनशील नवीकरणीय ऊर्जा के प्रबंधन के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई)-आधारित पूवार्नुमान में निवेश किया जाएगा। पूरी पवन ऊर्जा मूल्य श्रृंखला में स्थानीय विनिर्माण को प्रोत्साहन समय की जरूरत है। जोशी ने कार्यक्रम में पवन ऊर्जा रूपरेखा और विनिर्माण कार्ययोजना पर रिपोर्ट भी जारी की। इस रिपोर्ट में मजबूत और आत्मनिर्भर पवन ऊर्जा ईको सिस्टम पर भी जोर दिया गया है। उन्होंने बताया कि सुखद यह है कि कर्नाटक 1331.48 मेगावाट की पवन ऊर्जा क्षमता वृद्धि के साथ पहले स्थान पर है। इसके बाद तमिलनाडु (1136.37 मेगावाट) और गुजरात (954.76 मेगावाट) का स्थान है।

साहित्य ज्ञानमार्गी दुख की औषधि

दुनिया को सुखी बनाने के काम में अनेक महानुभाव सक्रिय रहे हैं और आज भी हैं। वे आदर के पात्र होते हैं। हम उनकी चर्चा करते हैं। उनका यश और सर्वत्र फैलता है। कुछ महानायक जैसे होते हैं और कुछ महापुरुष जैसे। ऐसे व्यक्तित्व बहुत सरल नहीं होते हैं। हम उन्हें आसानी से नहीं समझ सकते। हमारे पास उन्हें समझने और जानने के लिए लेख और भाषण की सामग्री ही होती है। खलील जिब्रान लेबनानी विद्रोही नेता थे। उन्होंने विशेष शैली में 12 पुस्तकें लिखीं। दि प्रॉफेट नाम की उनकी किताब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लोकप्रिय हुई थी। शेक्सपीयर का लेखन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लोकप्रिय है। उनके लेखन का द्वंद्व तत्व विचारणीय है। महात्मा गांधी का व्यक्तित्व समझने की दृष्टि से बहुत जटिल है। वे राजनीति में सक्रिय रहते हैं, कोई पद नहीं लेते। लेकिन, कांग्रेस के संगठनात्मक चुनाव में भी सक्रिय भूमिका का निर्वहन करते हैं। अपने आदर्शों के लिए सत्याग्रह करते हैं। गांधी को आसानी से नहीं समझा जा सकता। गांधी का लिखा और बोला साहित्य हमें उनके निकट ले जाता है। डॉ. बीआर अंबेडकर का लिखा-बोला साहित्य पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। हम उनके साहित्य को पढ़कर, उनके व्यक्तित्व के बारे में बहुत कुछ जान जाते हैं। गांधी जी हरिजन और यंग इंडिया में नियमित लिखते थे। अंबेडकर का अपना अखबार मूकनायक था। वे उसमें लिखते थे। लोडिया मैनकाइंड में लिखते थे। उनकी लिखी भारत माता, धरती माता, इकोनॉमिक्स बियोंड मार्क्स और इतिहास चक्र जैसी पुस्तकें उनके व्यक्तित्व की खबर देती हैं। दीनदयाल उपाध्याय ऑर्गनाइजर में पॉलिटिकल डायरी लिखते थे। असली बात है अभिव्यक्ति का स्रोत। ब्रह्मांड सतत विस्तारवान है। वह स्वयं को भिन्न भिन्न रूपों में प्रकट करता रहता है। प्रकृति की परिवर्तनशीलता ब्रह्म अभिव्यक्ति का परिणाम है। ज्ञान की विशेष अवस्था में ज्ञाता और ज्ञान एक हो जाते हैं। प्रकृति अनेक लेखकों की प्रेरणा का स्रोत है। किसी को नदियां, पर्वत आनंदित प्रेरित करते हैं, तो किसी किसी को सूर्य-चंद्र आदि की प्रकाशमान दिव्यता प्रभावित करती है। सूर्य के प्रभाव में वनस्पतियां प्रकाश संश्लेषण करती हैं। चंद्रमा विराट ब्रह्मांड का मन है। लेखन प्रायः स्वअंतस की उथल-पुथल का परिणाम होता है। शंकराचार्य ऐसे ही अंतरराष्ट्रीय ख्याति के महान दार्थनिक थे। उनके व्यक्तित्व की थाह पाना बहुत कठिन है। उन्होंने भारत की सांस्कृतिक एकता के लिए काम किया। विश्व चिंतन दर्शन में अनूठा हस्तक्षेप किया। सारी दुनिया में भारतीय धर्म दर्शन की पताका फहराई। वे लगातार चलते रहे। बोलते रहे और लगातार लिखते भी रहे। उनका लेखन प्रवचन आश्चर्यचकित करता है। मोटे तौर पर शंकराचार्य के लगभग 200 ग्रंथ बताए जाते हैं। विद्वानों का मत है कि परवर्ती शंकराचार्यों ने भी अनेक महत्वपूर्ण ग्रंथ लिखे, लेकिन आदि शंकराचार्य के लेखन की अपनी तर्कपूर्ण शैली थी। उनकी लेखनी में चमत्कार था। डॉक्टर जयराम मिश्र ने आदि शंकराचार्य जीवन और दर्शन (पृष्ठ 216) में लिखा है, आदि शंकराचार्य द्वारा लिखित ग्रंथों को हम चार भागों में बांट सकते हैं। पहला भाष्य ग्रंथ, दूसरा स्तोत्र ग्रंथ, तीसरा प्रकरण ग्रंथ और चैथा तंत्र ग्रंथ। आचार्य के लिखे भाष्य ग्रंथों की दो श्रेणियां हैं। पहली प्रस्थानत्रयी का भाष्य और दूसरे अन्य ग्रंथों के भाष्य। प्रस्थानत्रयी में प्रस्थान का अर्थ मार्ग में गति है और त्रयी का अर्थ है तीन। प्रस्थान के तीन मार्ग बताए गए हैं। पहला ब्रह्मसूत्र, दूसरा स्मृति अर्थात भगवद्गीता, तीसरा उपनिषद। यही तीन मार्ग हैं। जयराम मिश्र ने बताया है कि, शंकराचार्य ने प्रस्थानत्रयी के तीनों मार्गों पर टीकाएं लिखी हैं। प्रस्थानत्रयी में ब्रह्मसूत्र भी आता है। शंकराचार्य के ब्रह्मसूत्र पर लिखे भाष्य को विद्वानों द्वारा सराहा गया है। आचार्य ने ब्रह्मसूत्र जैसी संक्षिप्त और जटिल रचना को बड़े सरल और तरल शैली में समझाया है। भाषा में प्रसाद है। वाचस्पति मिश्र प्रतिष्ठित विद्वान ने शंकर के भाष्य की सराहना की है। इसी तरह श्रीमद्भगवद्गीता के भाष्य में आचार्य शंकर ने गीता की निवृत्तिमूलक और ज्ञानपरक व्याख्या की है। उन्होंने इस भाष्य में यह सिद्ध करने की चेष्टा की है कि ब्रह्मज्ञान की प्राप्ति केवल तत्वज्ञान से ही होती है, ज्ञान और कर्म के समुच्चय से नहीं। गीता पर अनेक भाष्य हैं, लेकिन इस भाष्य में उन्होंने कर्म के सिद्धान्तों का खंडन किया है। साहित्य समाज का दर्पण होता है। लेखक का शब्द देह होता है। समाज की महत्वाकांक्षा और स्वप्न साहित्य में ही प्रकट होते हैं। विश्व की सभी संस्कृतियों के इतिहास में लेखन और विचार अभिव्यक्ति का सम्मान रहा है। छापे खाने और लिपि के अविष्कार के बाद विश्व साहित्य के इतिहास में क्रांतिकारी परिवर्तन आए हैं। भारतीय संस्कृति अति प्राचीन है, इसलिए साहित्य भी अति प्राचीन है। यहां विपुल साहित्य का सृजन हुआ है। केवल ऋग्वेद में ही साढ़े दस हजार मंत्र हैं। महाभारत के कई संस्करण हैं। इसमें 90 हजार श्लोक बताए जाते हैं। वाल्मीकि की लिखी रामायण में लगभग 25 हजार श्लोक हैं। फिर ब्राह्मण आरण्यक भी वृहदाकार है। यहां बृहदारण्यक उपनिषद भी है। ऐसा समृद्ध साहित्य दुनिया की किसी भी संस्कृति में नहीं है। जीवन जगत रहस्यपूर्ण है। विराट अस्तित्व का बोध जटिल है। अनेक प्रश्न और जिज्ञासाएं हैं। भारतीय चिंतन में प्रायः सभी प्रश्नों पर विचार हुआ है। प्रश्न की बेचैनी बढ़ती रहती है, तो हम उत्तर पाने के लिए सक्रिय हो जाते हैं। मैं जिज्ञासु हूं। अच्छी बात है, लेकिन क्यों हूं जिज्ञासु, यह प्रश्न स्वयं के विवेचन या आत्मचिंतन से ही जुड़ा है। जान पड़ता है कि जिज्ञासा और प्रश्नाकुलता लेकर ही हम जन्मे हैं। महापुरुषों के लेखन में अनेक जिज्ञासाओं के समाधान हैं। सतत अध्ययन का विकल्प नहीं है। अमेरिकी भाषा विज्ञानी नोम चोम्सकी अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा वाले विद्वान ने अनेक ग्रंथ लिखे हैं। इनमें अमेरिकी समाज के मूल्यों में गिरावट का वर्णन है। पुस्तकों से चोम्सकी की मानसिक बौद्धिक उथल-पुथल का सहज अनुमान संभव है। कुछ आधारभूत प्रश्न हैं।

Social Media Corner

सच के हक में...

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को उनके बलिदान दिवस पर कोटि-कोटि नमन। उन्होंने देश की अखंडता को अक्षुण्ण रखने के लिए अतुलनीय साहस और पुरुषार्थ का परिचय दिया। राष्ट्र निर्माण में उनका अमूल्य योगदान हमेशा श्रद्धापूर्वक याद किया जाएगा।

(प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'एक्स' पर पोस्ट)

ओजस्वी वक्ता, लोकप्रिय जननेता कर्नाटक केसरी जगन्नाथ राव जोशी जी की जयंती पर उन्हें कोटिशः नमन। जगन्नाथ राव जोशी जी ने गोवा मुक्ति आंदोलन के माध्यम से गोवा को भारत का अभिन्न अंग बनाने हेतु कठोर संघर्ष किया। संघ से लेकर जनसंघ और भाजपा तक अपनी सादगी और मातृभूमि के प्रति अटूट निष्ठा के लिए प्रसिद्ध जोशी जी ने युवाओं को चरित्र निर्माण व मातृभूमि के स्वाभिमान के लिए हमेशा प्रेरित किया। जगन्नाथ राव जोशी जी के आदर्श राष्ट्रप्रेम को जीवन का मूलमंत्र बनाने वालों के लिए सदैव प्रेरणास्रोत बने रहेंगे।

(अमित शाह का 'एक्स' पर पोस्ट)

हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व पूर्व केंद्रीय मंत्री, वीरभद्र सिंह जी की जयंती पर सादर श्रद्धांजलि। जन सेवा के प्रति उनका समर्पण, हिमाचल के लोगों के जीवन में बदलाव वाले उनके योगदान और कांग्रेस पार्टी के प्रति उनकी गहरी प्रतिबद्धता को हम हमेशा याद रखेंगे।

(बाबूलाल मरांडी का 'एक्स' पर पोस्ट)

चारधाम यात्रा में मौत के उड़नखटोले

उत्तराखंड के केदारनाथ धाम में 15 जून को तड़के एक हेलीकॉप्टर (उड़नखटोला) फिर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इस हेलीकॉप्टर में पायलट समेत 7 लोग सवार थे, जिनमें एक 2 वर्ष का बच्चा भी था। इन सभी की मौके पर ही मौत हो गई है। खराब मौसम के कारण यह हादसा गौरीकुंड और त्रिजुगीनारायण के मध्य गौरीकुंड के जंगलों के ऊपर हुआ। सुबह लगभग साढ़े पांच बजे हेलीकॉप्टर ने केदारनाथ से गुप्तकाशी के लिए उड़ान भरी और अचानक यह हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। खराब मौसम के कारण दृश्यता कम होने की वजह से इस हादसे का होना माना जा रहा है। तत्काल राहत और बचाव दल भेजे गए। रास्ते में मौसम खराब होने के कारण अन्य स्थान पर हार्ड लैंडिंग करने से हेलीकाप्टर क्षतिग्रस्त हुआ है। इसी जून के पहले सप्ताह में भी एक हेलीकॉप्टर में तकनीकी खराबी के कारण उसकी बीच सड़क पर इमरजेंसी लैंड कराना पड़ा था। यह हेलीकॉप्टर केदारनाथ धाम यात्रियों को लेकर जा रहा था। हेलीकॉप्?टर में पांच यात्री, पायलट और सह-पायलट सवार थे। इस दौरान सह-पायलट को मामूली चोटें आई थीं। यह हेलिकॉप्टर बड़ासु हेलीपैड से उड़ान भरने के तुरंत बाद आपातकालीन लैंडिंग करने पर मजबूर हुआ था। इस साल मई में केदारनाथ धाम के कपाट खुलने के बाद से छह सप्ताह में यह पांचवां हेलिकॉप्टर हादसा है। उत्तराखंड में हेलीकॉप्टर सेवा से केदारनाथ धाम में यात्रा करने वालों की संख्या हर साल लगभग 90 हजार से एक लाख श्रद्धालुओं की है। प्रतिदिन लगभग 1500 श्रद्धालु हेलीकॉप्टर से केदारनाथ दर्शन के लिए पहुंचते हैं, लेकिन मौजूदा समय में हेलीकॉप्टर की उड़ान कम होने और कुछ एजेंसियों को सस्पेंड किए जाने के बाद टिकट रद्द भी किए जा रहे हैं। टिकट रद्द के बाद श्रद्धालुओं को उनके पैसे वापस करने होंगे। अपनी व्यवस्थाओं से चारधाम यात्रा पर आ रहे श्रद्धालुओं में हेलीकॉप्टर दुर्घटनाओं को लेकर मायूसी है। उत्तराखंड सरकार ने 15 जून के इस हादसे के बाद उत्तराखंड में हेलीकॉप्टर सेवाओं को अनिश्चितकाल के लिए रोक दिया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर मुख्य सचिव इन दुर्घटनाओं को लेकर बैठक भी कर रहे है। उत्तराखंड में 7 जून को 253 हेलीकॉप्टर शटल सेवा चली, जिसमें 1404 श्रद्धालुओं ने केदारनाथ तक का सफर तय किया। 8 जून को 208 हेलीकॉप्टर शटल सेवा चली, जिसमें 1161 श्रद्धालुओं ने केदारनाथ तक का सफर तय किया। 9 जून को हेलीकॉप्टर 186 शटल सेवा चली, जिसमें 1043 भक्तों ने बैठकर केदारनाथ के दर्शन किए। 10 जून को मात्र 143 उड़ान केदारनाथ के लिए भरी गई। इसमें 741 श्रद्धालुओं ने सफर किया। 11 जून व 12 जून को केदारनाथ धाम में मौसम खराब होने के कारण कुछ ही हेलीकॉप्टर सुबह उड़ पाए। वास्तविकता यह है कि हेलीकॉप्टर उड़ान के दौरान अब इस बात का भी ध्यान रखा जा रहा कि कहीं अत्यधिक वजन ढोने, कम निचाई पर हेलीकॉप्टर की उड़ान और एक के बाद एक उड़ान भरने के साथ-साथ दूसरी कोई लापरवाही तो नहीं बरती जा रही है। हेलीकॉप्टर के इंजन को आराम मिल सके, साथ ही पायलट को भी बीच में अच्छा खासा ब्रेक मिले, इस बात को भी सुनिश्चित किया जाना जरूरी है। उत्तराखंड चारधाम यात्रा के दौरान पिछले दिनों हुई हेलीकॉप्टर दुर्घटनाओं के बाद डीजीसीए ने हेली संचालन से संबंधित कुछ पाबंदी लगाई हैं। चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या हर साल बढ़ रही है। चारधाम यात्रा में खासकर केदारनाथ धाम में हेली सर्विस के माध्यम से लगातार श्रद्धालु केदारनाथ के दर्शन कर रहे हैं। हेलीकॉप्टर का सबसे ज्यादा संचालन केदारनाथ धाम के लिए ही हो रहा है। लेकिन हेलीकॉप्टर दुर्घटनाओं में इजाफा होने से सरकार और श्रद्धालु दोनों चिंतित है। बीती 8 मई 2025 को उत्तरकाशी के गंगनानी के पास हेलीकॉप्टर क्रैश में 6 लोगों की मौत हुई।

कोई बंधन नहीं

